CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

बरेली, रविवार 17 अगस्त 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 262 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' पर वीडियो किया जारी

**एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा, लिखा- चोरी चोरी, चुपके चुपके, अब और नहीं, जनता जाग गई**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर 'लापता वोट' लिखकर एक वीडियो शेयर किया। हालांकि, इसमें चुनाव आयोग का जिक्र नहीं किया।

उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। इसके बाद कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइए हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं। वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचता है। खर्राटे ले रहे पुलिसकर्मी से बोलता है। साहब...साहब मुझे रिपोर्ट लिखाना है। पुलिसकर्मी कहता है कि अबे यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा, तो क्या करेगा। तब वह व्यक्ति कहता है कि मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है। पुलिसकर्मी कहता है, अबे क्या चोरी हो गया। व्यक्ति कहता है कि साहब..साहब वोट चोरी हो गया है। उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। यह एक मिनट लंबा वीडियो है। एक व्यक्ति जब वोट चोरी की रिपोर्ट लिखाने आता है, तो इंस्पेक्टर चौंक कर उठ जाता है। व्यक्ति कहता है कि मेरा वोट नहीं बल्कि लाखों लोगों का वोट चोरी हुआ है।



## किश्तवाड़ में अब तक 65 शव बरामद

**500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए, 200 अभी लापता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन था। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 40 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला शनिवार को चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की।

## पुतिन संग ट्रम्प की तीन घंटे चली बैठक, बेनतीजा

### दोनों नेताओं के बीच नहीं हुई कोई डील, 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हुए रवाना



- पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया, ट्रम्प ने बैठक को 10 में से 10 अंक दिए
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा : उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी

वाशिंगटन, वार्ता

**रूसी राष्ट्रपति** पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। पुतिन ने कहा उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मास्को में करने का सुझाव दिया।

### भारत ने कहा: बातचीत से ही समाधान संभव

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में शिखर बैठक के दौरान रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम से संबंधित बातचीत में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा है कि केवल संवाद और कूटनीति से ही समाधान संभव है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर सिंह जायसवाल ने शनिवार को कहा कि भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में प्रगति से यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताते हुए प्रवक्ता ने कहा कि भारत शिखर वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है।

## NCERT सिलेबस का नया कंटेंट बना भारत विभाजन

**कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन को दोषी बताया, कंटेंट रेगुलर सिलेबस का हिस्सा नहीं**

नई दिल्ली, वार्ता

**एनसीईआरटी ने** क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लार्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है।

मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी विभाजन के दोषी टॉपिक में जोड़ी गई है। मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था कि हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं, जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार -शेष पृष्ठ दो पर

### हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने कराया विभाजन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश विभाजन के बारे में राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित 'विभाजन के दोषी' शीर्षक मॉडयूल पर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश के बंटवारे के लिए हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की 'जुगलबंदी' जिम्मेदार है और इतिहास का सबसे बड़ा खलनायक आरएसएस है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में एनसीईआरटी के -शेष पृष्ठ दो पर

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी क्षेत्र वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
राजीव गंगवार
युवा अधिवक्ता
नवाबगंज (बरेली)

सभी क्षेत्र वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
नाजिम अली
(प्रधान)
पुत्र जनाब शुजाअत अली
रूपपुर, वि.ख. नवाबगंज, जनपद बरेली
9412513768

सभी क्षेत्र वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
अकील अंसारी
सैंथल (बरेली)
मो 9927674666

जय हिन्द जय हिन्द
स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला पर सभी कृषक भाईयों, क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कार्बन सर्किल प्राइवेट लिमिटेड
(सी.बी.जी. गैस प्लान्ट)
रिच्छा, बहेड़ी-बरेली

सभी क्षेत्र वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
साबिर खां
अवर अभियंता विद्युत
नवाबगंज बरेली (यूपी)

समस्त क्षेत्र वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज
फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)
विनय गुप्ता अध्यक्ष
रमन जायसवाल प्रबंधक
जसवीर सिंह प्रधानाचार्य

समस्त क्षेत्र वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हिमांशु ऑटो मोबाइल
फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)
प्रो० मनी अग्रवाल
मोबाइल नंबर- 9359113093

हाजी अब्दुल कय्यूम (ज़री वाले) मो. 9897659828, 9897467349
हमारी तरफ से सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आयत ट्रेडर्स
हमारे यहां सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक आइटम, मोबाइल, फ्रिज, वाशिंग मशीन, सिलाई मशीन एलईडी टीवी अलमारी या गद्दे व सभी प्रकार के तांबा, पीतल, सिल्वर, स्टील, क्रोकरी आदि मिलने का एक मात्र स्थान
प्रो० फईम अंसारी
पता- पुलिस चौकी फतेहगंज पश्चिमी बरेली

कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़ जनपद-बरेली
15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर नगर पंचायत शीशगढ़ बोर्ड की ओर से नगर की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं-बधाई।
जनहित में अपील-
घर-घर तिरंगा अवश्य लगायें।
नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
आओ मिलकर एक कदम उठायें, भारत को स्वच्छ बनायें।
सब रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ-सफाई।
पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
पानी की टोटी को खुला न छोड़ें।
न०पं० के करो को समय से जमा करें।
जन्म मृत्यु का पंजीकरण समय से अवश्य करायें।
(दुर्गेश कुमार सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शीशगढ़ बरेली
(नीलोफर) अध्यक्ष नगर पंचायत शीशगढ़ बरेली

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कंबर एजाज शानू
अध्यक्ष
नगर पंचायत सैंथल (बरेली)
अपील:
अपने शहर को साफ सुथरा और हरा भरा रखने में सहयोग प्रदान करें।

कार्यालय नगर पालिका परिषद नवाबगंज (बरेली)
नगर पालिका परिषद नवाबगंज (बरेली) द्वारा 15 अगस्त, 2025 स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर अपने नगर वासियों से निम्न अपील करती है-
अपील-
13. नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
14. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर नवाबगंज को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
15. नगर पालिका परिषद द्वारा लगवाये गये नीले डस्टबिन में सूखा व हरे डस्टबिन में गीला कूड़ा डालें।
16. घरों का एकत्र किया गया कूड़ा हरे व नीले डस्टबिन में एकत्र करके कर्मचारी के मांगने पर दें।
17. पॉलीथीन प्रतिबन्धित है इसका प्रयोग न करें।
18. सफाईकर्मी के सफाई कार्य करने के उपरान्त सड़क पर कूड़ा न डालें जुर्माने से बचें।
19. घरों / दुकानों / व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर हरा व नीला डस्टबिन में कूड़ा एकत्र करें तथा सफाईकर्मी के आने पर कूड़ा उसे दें सड़क पर कूड़ा न डालें।
20. अपने घरों के आसपास अधिक से अधिक फलदार व छायादार वृक्ष लगायें।
21. मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु घरों के आस-पास पानी एकत्र न होने दें।
22. पालिका के करों की अदायगी समय से करें।
23. नगर में सफाई, मार्ग प्रकाश व्यवस्था एवं जलापूर्ति से सम्बन्धित किसी भी समस्या हेतु पालिका के हेल्पलाईन नं0 1533 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
24. सीवर टैंक सफाई हेतु हेल्पलाईन नं0 14420 एवं साफ-सफाई हेतु हेल्पलाईन नं0 1533 पर कॉल कर सकते हैं।
आशा ही नहीं विश्वास है कि आप नगर को स्वच्छ रखने में अपना पूर्ण सहयोग / योगदान प्रदान करेंगे
आर0 आर0 अम्बेश अधिशासी अधिकारी नगर पालिक परिषद, नवाबगंज (बरेली)
प्रेमलता राठौर अध्यक्ष नगर पालिक परिषद, नवाबगंज (बरेली)
(अविनाश सिंह) जिलाधिकारी (बरेली)

# स्कूलों व सरकारी कार्यालयों में शान से लहराया तिरंगा







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा/बछरायूं।** आजादी का जश्न नगर और क्षेत्र में पूरे उत्साह व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही गलियों और स्कूलों में देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई दी। नन्हें-मुन्ने बच्चे तिरंगे झंडे लेकर उत्साहित नजर आए। सरकारी, अर्द्ध सरकारी व निजी संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया गया और स्वतंत्रता दिवस का पर्व भक्ति और गर्व की भावना के साथ मनाया गया।

तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, सौरभ



कुमार सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। तहसील को भव्य रूप से सजाया गया था यहां लगे सेल्फी पॉइंट पर एसडीएम सहित तमाम अफसर सेल्फी लेते नजर आए। ब्लाक कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा व बीडीओ नरेंद्र गंगवार ने तिरंगा फहराया। नगर पालिका परिषद में नपा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और ईओ अवधेश कुमार वर्मा ने ध्वजारोहण किया। थाना धनौरा में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार और बछरायूं में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने ध्वज फहराया। इसी तरह, क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों और प्रतिष्ठानों में भी आजादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भागीरथी देवी महाविद्यालय, बीएसडी अकैडमी में प्रबंधक नितिन धारीवाल, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में प्रबंधक आशु सिंघल, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक राहुल अग्रवाल, एमएस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में बीरेश चौधरी, बबीता चौधरी व अंजलि चौधरी ने ध्वजारोहण किया। स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल में अंकुर अग्रवाल व सोना अग्रवाल, हीरा इंटरनेशनल स्कूल में सुबोध अग्रवाल व कपिल अग्रवाल, शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक रोहित सांगवान ने तिरंगा फहराया। औद्योगिक व अन्य संस्थानों में भी राष्ट्रीय पर्व पूरे जोश से मनाया गया। इस्माइल हॉस्पिटल, नोरेक्स फ्लेवर्स लिमिटेड, न्यूफॉर्म फ्रोजेन, वेव इंडस्ट्रीज, एबीएसए कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र, मून डिग्री कॉलेज, अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में प्रबंधक अशोक सैनी और वाईएमएस डिग्री कॉलेज में प्रबंधक रियाज अहमद ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। सभी जगहों पर बच्चों और शिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति के रंगों में रंग दिया।

## हीरा इंटरनेशनल में मना स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** हीरा इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के जोश के साथ मनाया गया। स्कूल को तिरंगे की थीम में भव्य रूप से सजाया गया था। चेयरमैन कृष्ण कुमार अग्रवाल, प्रबंधक सुबोध गुप्ता और निदेशक कपिल कुमार ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर निदेशक कपिल कुमार ने कहा कि आजादी का पर्व हमें त्याग और बलिदान की याद दिलाता है तथा नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है। चेयरमैन कृष्ण कुमार अग्रवाल, प्रबंधक सुबोध गुप्ता, निदेशक कपिल कुमार और प्रधानाचार्य भगवान सिंह समय समस्त स्कूल स्टाफ अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जन्माष्टमी का पर्व उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया

### व्रत रखकर की कान्हा की आराधना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कृष्णजन्माष्मी पर भक्तों ने पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ भगवान कृष्ण की आराधना की। उन्हें पालने में झुलाया। मंदिरों को मनमोहक रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर कान्हा का गुणगान किया तथा उन्हें दही, मक्खन का भोग लगाया।

सुबह से ही भक्तों में जन्माष्टमी को लेकर उत्साह देखा गया। उन्होंने इस दिन मंदिरों को रंग बिरंगी रोशनी तथा फूलों से सजाया। हर तरह कान्हा का गुणगान सुनाई दे रहा था। लोगों ने पूरी श्रद्धा से उन्हें पालने में झुलाया। उन्होंने उपवास रखकर लडडू गोपाल को मनाने का प्रयास किया। मंदिरों में भगवान कृष्ण के भजनों की धूम दूर तक सुनाई दे रही थी। महिलाओं ने अपने स्तर से उनसे आशीर्वाद लिया। उपवास रख उन्हें दही और माखन का भोग लगाया गया। छोटे बच्चों को कान्हा की तरह सजाया गया था। देर रात तक मंदिरों में उत्सव होते रहे। सांय के समय भक्तों ने उनकी पूजा अर्चना करने के बाद व्रत का परायण किया। हर कोई कान्हा की भक्ति में डूबा हुआ था। बाजार में बीते दिन से ही उनके श्रृंगार के सामान की खरीदारी की जा रही थी। भगवान कृष्ण व राधा की मूर्तियों को मनमोहक रूप से सजाया गया।

# गौवंश पूजा ही सच्ची कृष्ण भक्तिः प्रवीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने नगर की कान्हा गौशाला पहुंचकर गो पूजन किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पालिका अध्यक्ष ने साफ-सफाई, चारे-पानी और देखभाल को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा जन्माष्टमी का पर्व गो सेवा और गो पूजन की भावना से जुड़ा है। गौशाला की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए पालिका प्रतिबद्ध है। गायों की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने कहा गौशाला की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जन्माष्टमी पर गो पूजन कर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वच्छता और सेवा की भावना के साथ समाज में सकारात्मक योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर किया गौपूजन



वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी लेखाकार सोनू पिवाल, डॉ नेपाल सिंह, समेत अन्य नगर पालिका के कर्मचारी भी मौजूद रहे। गौशाला परिसर में भक्ति और सेवा का माहौल देखने को मिला।

# रात के अंधेरे में आम के पेड़ों पर चली आरी

### सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** माफियाओं ने रात भर आम के हरे भरे पेड़ों पर आरा चला कर उन्हें नेस्ताबूत कर दिया।सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई।

जहां पूरा देश योमें आजादी को मना रहा था। वही हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सैमला में माफिया आम के हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला रहे थे। माफियाओं ने मौके पर आम के करीब 10 हरे भरे पेड़ों को काट दिया। माफियाओ ने अपने काटे गये पेड़ों के पत्तों की कुटी बनाई और वहां से उन्हें भी गायब कर दिया। रात भर माफियाओं की कुल्हाड़ी आम के हरे भरे पेड़ों पर गरजती रही। सुबह होने पर जब उधर से निकल रहे ग्रामीणों ने रातों-रात आम के पेड़ों को कटा हुआ देखा तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया आम के हर भरे पेड़ों को काटे जाने की सूचना मिली है। वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। हसनपुर क्षेत्र में इस समय माफिया रात के अंधेरे में आम के बागों में तांडव मचा रहे हैं। वह अंधेरे का फायदा उठाकर रातों-रात आम के पेड़ों को काट डालते हैं। जिस तरह से आम के पेड़ों का कटान किया जा रहा है यदि यही हाल रहा तो आने वाले समय में स्थिति और भी खराब होगी।

# दिल्ली में सम्मानित हुई प्रधान मनु यादव

### केन्द्रीय राज्यमंत्री बघेल ने प्रतीक चिन्ह से किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो।**

**अमरोहा।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ग्राम प्रधान मनु यादव को केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो.एसपी सिंह बघेल ने दिल्ली में सम्मानित किया।

मंडी धनौरा विकास खंड के गांव फौलादपुर की ग्राम प्रधान मनु यादव को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम केन्द्रीय पंचायत राज्यमंत्री प्रो. एसपी बघेल ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच सेअपनी बात कहते मधु यादव ने राजनेताओं का ध्यान गांव व महिलाओं के विकास की तरफ आकर्षित किया। बताते चले कि मनु यादव पिछले चार वर्षा से सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के ग्रामीणों को पहुंचा रही है। उन्हें इस प्रयास से खुश होकर प्रदेश सरकार ने उन्हें पुरस्कार के रूप में बीस लाख रूपये की धनराशि दी गई। जिससे उन्होंने गांव बारातघर का निर्माण कराया, गांव में टंकी, पुस्तकालय, राशन दुकान आदि की सभी व्यवस्थाएं है।

# 'भ्रष्ट्राचार मुक्त अखण्ड भारत' के निर्माण में दें योगदानः डॉ.गिरि

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हाइवे स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में 79वें स्वतन्त्रता दिवस पर देशभक्ति से ओत-प्रोत एक दर्जन से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जबकि 101 फीट ऊँचे विशाल तिरंगे को फहराकर परेड की सलामी लेते हुए शानदार तरीके से किया ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण प्रभात फेरी, भारतीय संस्कृति को समेटे हुए नृत्य, संगीत, काव्य संध्या समेत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित हुए।



विवि के संस्थापक डॉ.सुधीर गिरि ने कहा कि, सिर्फ सीमा पर लडना ही देश सेवा नहीं, आम नागरिक भी अपने- अपने कार्यक्षेत्रो में निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करते हुए 'भ्रष्ट्राचार मुक्त अखण्ड भारत'के निर्माण में अपना योगदान दें, तो ये भी उत्कृष्ट देश सेवा एवं अमर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ0पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ0राजेश सिंह, डॉ0 बीएस त्यागी, कुलदीप सिंह, रंजीत सिंह मुलतानी, एसएस बघेल, संजीव राय मौजूद रहे।

# यूपी में सालाना फास्टैग की सुविधा शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सालाना फास्टैग की सुविधा 15 अगस्त की आधी रात से शुरू हो गई है। वार्षिक फास्टैग से एक साल में 200 बार टोल प्लाजा से निकला जा सकता है।

यदि 365 दिन से पहले 200 बार टोल पार कर लिया, तो फास्टैग को दोबारा रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा निजी चार पहिया वाहनों को ही मिलेगी।

टोलप्लाजा कर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया। लखनऊ शहर के आसपास के टोल से औसतन 15000 कारें, जीप, वैन निकलती हैं।

इनमें से लगभग एक हजार चार पहिया वाहन टैक्सी कोटे के और शेष निजी वाहन होते हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### NCERT सिलेबस

तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया। एनसीईआरटीके स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है, जो कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी स्पेशल मॉड्यूल में जोड़ा गया था। स्पेशल मॉड्यूल की प्रस्तावना में पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों को भी शामिल किया गया है। मोदी ने कहा था कि बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए और लोगों की नासमझी और नफरती हिंसा के कारण कई जानें गईं। संघर्षों और बलिदान की याद में हमारे लोग 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे। हाल ही में एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

**कांग्रेस ने कहाः**

14 अगस्त को जारी उस मॉड्यूल पर कहा कि इसमें 1938 की तारीख का जिक्र है या नहीं है। बंटवारे के इतिहास में 1938 बहुत महत्वपूर्ण तारीख है। इस वर्ष गुजरात में साबरमती के किनारे हिंदू महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था, जिसमें ये स्पष्ट तौर से कहा गया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि 1940, क्या यह है मॉड्यूल में। 1940 में इस जुगलबंदी को आगे बढ़ते हुए मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना ने यही बात दोहराई थी। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं, 'इसमें) 1942 की भी ये तारीख भी नहीं लिखी होगी, जब हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की मिल. ीजुली सरकार बनी थी। उस समय कांग्रेस ने तमाम प्रांतीय विधानसभाओं से इस्तीफा देकर सड़क पर उतरने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था। उस वक्त हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने गठजोड़ किया, गठबंधन किया, सरकारें बनाई एनडब्ल्यूएफपी में, बंगाल में, सिंध में और सिध की विधानसभा में विभाजन का प्रस्ताव पारित हुआ था। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उस समय गठबंधन की सरकार थी हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की थी।

## डा. हाशमी ने किया ध्वजारोहण




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स डिग्री कालेज अमरोहा में स्वन्त्रता दिवस के अवसर पर हाशमी एजूकेशनल ग्रुप के चौयरमैन डा. सिराजउददीन हाशमी ने ध्वजारोहण किया तथा देश को आजादी दिलाने वाले अमर षहीदां को याद किया। कहा कि आज हम स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। मुल्क को आजाद कराने में अमर षहीरों ने बड़ी कुर्बानियां दी हैं। जिनकी बदौलत आज हम खुली आजादी में सांस ले रहे हैं। आज का दिन हमें अमर षहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्श और बलिदान की याद दिलाता है। इस अवसर पर सभी स्टाफ मौजूद रहा।

## छेड़छाड़ के विरोध पर मां-बेटी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** थाना क्षेत्र के कस्बा जोया स्थित एक मोहल्ले में रहने वाली एक विधवा महिला ने अपने जेठ पर गंभीर आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि बीती देर शाम उसका जेठ फब्तियां कस रहा था। जब उसने इसका विरोध किया तो जेठ ने गाली-गलौज शुरू कर दी।शोर सुनकर महिला की पुत्री बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित मां-बेटी ने थाने पहुंचकर जेठ के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी गीत पर झूमे



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** एएसएम मॉर्डन एकेडमी खाता में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रबंधक विरेन्द्र कुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने तथा प्रधानाचार्य आभा रस्तौगी ने माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एलकेजी के नन्हें मुन्नों ने फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी गीत पर सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया। जबकि यूकेजी के बच्चों ने श्रीकृष्ण लीला पर मैया यशोधा ये तेरा कन्हैया गीत पर सामुहिक नृत्य कर सभी की वाहवाही लूटी। प्रबंधक ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की मुबारक. बाद दी। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भारत को अमेरिका के जवाब में करने चाहिए बाजार विविधीकरण के समझौतेः विश्लेषक

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि भारत को हिंद महासागर तटीय एसोसिएशन के देशों के साथ अपनी मजबूत पहल पर आधारित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने का साहिक कदम उठाना चाहिए और 'क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी' (आरसीईपी) तथा 'प्रशांतपारीय भागीदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते' (सीपीटीपीपी) जैसे प्रमुख क्षेत्रीय व्यापार समूहों की सदस्यता प्राप्त करनी चाहिए। विश्लेषकों की राय है कि इससे न केवल भारत का व्यापारिक दायरा बढ़ेगा, बल्कि षरणनीतिक स्वायत्तताष के प्रति देश की स्पष्ट प्रतिबद्धता का भी संदेश जाएगा, जिससे भारत अपनी शर्तों पर बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा। यह विचार ऐसे समय में आया है, जब भारत पर अमे. रिका ने सात अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूसी तेल खरीदने के कारण 27 अगस्त से प्रभावी 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ यूक्रेन में शांति के मुद्दे पर बैठक की। ट्रम्प ने बातचीत से पहले कहा कि उन्होंने (रूस ने) अपने तेल ग्राहक भारत को खो दिया है, जो (उसका) 40 प्रतिशत तेल खरीद रहा था। चीन (अब भी) बहुत अधिक खरीद कर रहा है। अगर मैंने (भारत पर) पहले के बाद दूसरा शुल्क लगाया तो यह विनाशकारी होगा, लेकिन यदि मुझे लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा।

## इस सप्ताह 919 सस्ता हुआ सोना चांदी की कीमत 201 बढ़ी

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने के दाम में गिरावट रही, जबकि चांदी महंगी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस हफ्ते के कारोबार के बाद 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 919 रुपए घटकर 1,00,023 रुपए पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को यह 1,00,942 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत हफ्तेभर में 201 रुपए बढ़कर 1,14,933 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। आब. जेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 74 रुपए कम होकर 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमत शनिवार को 342 रुपए कम होकर 1,14,933 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही।

## नगर पंचायत इस्लामनगर जनपद बदायूँ

अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यगण की ओर से

समस्त नगरवासियों को

79 वें

**हज्जन निशात मुशाहिद**
चेयरमैन
नगर पंचायत इस्लामनगर (बदायूँ)

**हाजी मुशाहिद अली**
चेयरमैन पति
नगर पंचायत इस्लामनगर (बदायूँ)

**फराज बाबू**
वरिष्ठ लिपिक

# स्वतंत्रता दिवस
## एवं जन्माष्टमी
### की हार्दिक शुभकामनाएं।

**अपील –**

1. अपने घरों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले सूखे व गीले कूड़े को अलग-अलग डस्टबिन में रखें एवं पालिका द्वारा डोर टू डोर संग्रहण में लगे सफाई मित्रों को ही दें।
2. सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्लास्टिक से बने उत्पादों का उपयोग न करें।
3. पालिका के समस्त करों की अदायगी समय से करें।
4. जन्म व मृत्यु पंजीकरण समय से करायें।
5. नगर आपका है इसके सर्वांगीण विकास में आपका सहयोग अपेक्षित है।

स्वच्छता ही सेवा

## नगर पालिका परिषद सहसवान

अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यगण की ओर से

समस्त नगरवासियों को

79 वें

**मीर हादी अली**
उर्फ बाबर मियाँ
अध्यक्ष
नगर पालिका सहसवान (बदायूँ)

**डॉ० राजेश कुमार**
अधिशासी अधिकारी

**मौ० इसहाक़**
वरिष्ठ लिपिक

# स्वतंत्रता दिवस
## एवं जन्माष्टमी
### की हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वच्छता ही सेवा

**अपील –**

1. अपने घरों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले सूखे व गीले कूड़े को अलग-अलग डस्टबिन में रखें एवं पालिका द्वारा डोर टू डोर संग्रहण में लगे सफाई मित्रों को ही दें।
2. सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्लास्टिक से बने उत्पादों का उपयोग न करें।
3. पालिका के समस्त करों की अदायगी समय से करें।
4. जन्म व मृत्यु पंजीकरण समय से करायें।
5. नगर आपका है इसके सर्वांगीण विकास में आपका सहयोग अपेक्षित है।



स्वच्छ भारत मिशन अमरोहा

हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता

Google Play
प्लेस्टोर से डाउनलोड करें।

# नगर पालिका परिषद, अमरोहा

सभी देशवासियों विशेष कर अमरोहा नगर वासियों को

## स्वतंत्रता दिवस 2025

के पावन अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें प्रस्तुत करते हुऐ देश एवं विश्व में शान्ति एंव सौहार्द की कामना करते है

**शहर मित्र**
"एक ऐप – समाधान अनेक"

### सभी नगर वासियों से अपील है

1. स्वच्छ भारत मिशन में अपना सहयोग प्रदान करें।
2. दैनिक प्रयोग में पॉलीथीन की जगह कपड़े के थैले को अपनाएं।
3. सूखा/गीला कूड़ा पृथकरण करके निर्धारित नीले/हरे कूड़ेदान में ही डाले।
4. नाले एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
5. करो की अदायगी समय पर करें।
6. जल का अपव्यय न करें।
7. अपने घरेलू/अनावासीय शौंच टैंक को प्रत्येक वर्ष साफ करवाकर उसका मलवा पालिका एफ.एस.टी.प्लान्ट में पहुँचायें।
8. घरेलू कूड़ा आपके द्वार पर आने वाले पालिका डोर-टू-डोर वाहन में ही डालें।
9. नगर के विकास के सम्बन्ध में अपने बहुमूल्य सुझाव पालिका को प्रदान करें।
10. वृक्षो की रक्षा करें तथा स्वयं भी कम से कम दो वृक्ष अवश्य लगायें।
11. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में प्रतिभाग कर नगर पालिका परिषद अमरोहा को सर्वोच्च रेंक दिलाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।



**डा. बृजेश कुमार**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमरोहा

**श्रीमती शशि जैन**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, अमरोहा

**श्रीमती निधि गुप्ता वत्स**
जिलाधिकारी, अमरोहा

**समस्त सभासदगण**

@nagarPalikaParishadAmroha

**Helpline Number- 1800 180 1318 / 14420 / 1533**

# जिले भर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्वतंत्रता दिवस के मौक पर कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया तथा कबूतर उड़ाकर शांति का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह गांधी मूर्ति से हुई। यहां से प्रभात फेरी निकाली गयी जो अम्बेडकर पार्क पहुंची। यहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर जिलाधिकारी द्वारा माल्यार्पण किया गया। कलेक्ट्रेट में स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व सैनिकों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। क्रासकंट्री दौड़ में विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कार दिये गये जबकि अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किये गये। सरदार हमीदी इंटर कालेज, गुरूकुल चोटीपुरा महाविद्यालय, जीजीआईसी की छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। गांव पंडकी में वृद्धाश्रम में भी वृद्धजनों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें फल बांटे गये। राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में एसपी अमित कुमार आनन्द, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम गरिमा सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर चन्द्रकांता, ब्रजपाल सिंह, शैलेष दूबे, डा. आभा दत्त आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। स्वतंत्रता दिवस पर प्रभात फेरी में शामिल डीएम व अन्य।

## तिरंगा लाइटिंग में अमरोहा पालिका प्रथम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका में चेयरमैन श्रीमति शशि जैन व अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने में वीर शहीदों ने जो कुर्बानी दी है उसे हमें युवा पीढ़ी के सामने रखना है। अपनी आजादी को बनाये रखने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना है। इस अवसर पर सभासद व पालिका स्टाफ मौजूद रहा। उधर हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा लाइटिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें अमरोहा नगर पालिका को पहला, देहात थाने को दूसरा जबकि जिले के पंचायत भवनों को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसके चयन के लिये डीएम निधि गुप्ता वत्स द्वारा एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम की संयुक्त टीम का गठन किया गया था। पालिका के प्रथम आने पर अध्यक्ष शशि जैन ने ईओ डा. ब्रजेश कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। इसके अलावा उन्होंने ईओ के हर प्रयास की सराहना की।

## जीएमएस में महबूब ने किया ध्वजारोहण



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** लोक लेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि 200 वर्षो तक अंग्रेजों ने भारत पर राज कर एकता को खंडित करने का काम किया। आज हम वीर सैनानियों की वजह से आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। सदर विधायक महबूब अली ने जीएमएस कालेज आफ फार्मेसी में ध्वजारोहण कर अमर शहीदों को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत के वीर सपूतों ने अपने प्राणें की बलि देकर गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन चलाकर देश को आजाद कराया। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## आरके में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** आरके पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। संरक्षक अजय टंडन ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान व झंडा गीत विजयी विश्व तिरंगा प्यारा के साथ राष्ट्रभक्ति के कार्यक्रमों की सुन्दर झांकियां छात्र छात्राओं द्वारा पेश की गयी। संरक्षक अजय टंडन ने कहा कि स्वतंत्रता एक अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। हमें अपने देश की संस्कृति व मूल्यों को पहचानना होगा। इस मौके पर अध्यक्षिका अदिति टंडन, प्रधानाचार्य डा. शिक्षा सरदाना, रिंकू सक्सैना आदि मौजूद रहे।

## अमर सिंह कालेज में गूंजा आजादी का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज प्रांगण तिरंगे की छटा से सजा हुआ था। प्रबंधक अशोक सैनी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ध्वजारोहण के बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं। कॉलेज का माहौल भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा ख्र स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि शहीदों के बलिदान का स्मरण है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम देश के विकास और समाज की सेवा में अपनी ईमानदार भूमिका निभाएँ। युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ राष्ट्रप्रेम और अनुशासन भी अपनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण हुआ और सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## स्वतंत्रता दिवस पर अमर शहीदों को किया नमन

### चेयरमैन ने पालिका में फहराया तिरंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शुक्रवार को नगर में देहात क्षेत्र में देश के राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ को धूमधाम एवं देश भक्ति के साथ मनाई गई। नगर व ग्रामीण इलाके में स्थित सभी सरकारी कार्यालयों शिक्षण संस्थान एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा देश के राष्ट्रीय ध्वज को फराह कर उसे सलामी दी गई। वही सरकारी कर्मचारियों को संप्रभुता और अखंडता की शपथ भी दिलाई गई।



नगर स्थित नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन राजपाल सैनी एवं अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने ध्वजारोहण कर सरदार भगत सिंह एवं बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर देश के अमर शहीदों को नमन किया। वहीं नगर के तहसील कार्यालय पर उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी, कोतवाली पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ धुर्वेद्र सिंह, अंबेडकर पार्क पर भाजपा नेता हेम सिंह आर्य एवं महेंद्र आर्य, ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, झम्मन लाल पीजी कॉलेज में निदेशक गोपाल सक्सेना, बेबी फ्यूचर जूनियर हाई स्कूल में प्रबंधक शोएब खान, सरदार बेगम डिग्री कॉलेज में शहजाद खान, खुर्रम आजाद एवं दानिश खान, श्री गंगाराम जगपति हाई स्कूल में प्रबंधन का ममता देवी, वन विभाग कार्यालय सिहाली जागीर मे वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मुकेश बाबू, सचिन इंडियन गैस एजेंसी के कार्यालय पर पूर्व ब्लाक प्रमुख महावीर सिंह चौहान, मदरसा दारुल उलूम अलकुरेश में पूर्व सभासद एवं सपा नेता बदर कुरैशी ने ध्वजारोहण किया। वही शिक्षण संस्थानों में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा देशभक्ति से भरे कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। लिटिल चिल्ड्रन एकेडमी सिहाली जागीर में प्रबंधिका ममता गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। मदरसा अरबिया लतीफिया के छात्र छात्राओं ने नगर में तिरंगा रैली निकाली साथ ही देश के अमर शहीदों पर आधारित तराने भी सुनाये। कई स्कूलों में देश के जवानों से प्रेरित होकर बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। वही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी एवं शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम के अंत में मिठाई का भी वितरण किया गया। स्कूलों एवं मदरसों में देश को आजाद कराने के लिए अपनी जानों कि कुर्बानिया देने वाले अमर शहीदों की कहानियां भी सुनाई गई। विद्यालयों में रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए देशभक्ति के तराने भी सुनाये गये।

## सांसद ने फहराया 108 फिट ऊंचा तिरंगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो। रजबपुर।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने अपने कैम्प कार्यालय पर 108 फिट ऊंचा तिरंगा फहराया। इस दौरान भारत माता के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके सांसद कंवर सिंह तंवर ने गांव झकनपुरी स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं व लोगों को संबोधित करते कहा कि यह तिरंगा हमारे देश की शान है। उन्होंने सभी को स्वत्रंता दिवस की बधाई दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, युद्धवीर सिंह, महेश खडगवंशी, अशोक नागर, मनोज शर्मा, चन्द्रपाल खडगवंशी, हरज्ञान प्रजापति, पिंटू भाटी, ऋषिपाल नागर, राकेश वर्मा, सरोज, ममता मौजूद रहीं।

## देशभक्ति कार्यक्रम से बच्चों ने जीता दिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो रजबपुर।** दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में स्वत्रंता दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रम से सभी का दिल जीत लिया। गांव शाहवाजपुर स्थित दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस ग्राम प्रधान शहरोज आलम ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य अजरा नकवी व मौ. फैसल ने सभी को स्वतंत्रा दिवस की बधाई दी। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आजादी के लिये अपने प्राणों को बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय परिवार ने देश की एकता, अखंडता का संकल्प लिया।

## भाजपा ने किया पूर्व राज्यपाल का अपमान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने किसानों के हितेषी पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक का अपमान किया है। जनता इस अपमान को याद रखेगी। बृहस्पतिवार को ग्राम कुआंखेड़ा के निकट स्थित एक वैंकट हॉल पर पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यहां प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक किसानों के सच्चे



हितैषी थे। भाजपा में रहते हुए भी पार्टी ने उन्हें कभी भी सम्मान नहीं दिया। मृत्यु उपरांत उन्हें राजकीय सम्मान दिया जाना था, मगर ऐसा नहीं किया गया। जिससे किसानों की भावनाएं आहत हुई है। आने वाले चुनाव में लोग भाजपा को सबक सिखाएंगे। संगठन के जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव ने भी पूर्व राज्यपाल के जीवन चरित्र प्रकाश डाला। भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने उन्हें किसानों का सच्चा मसीहा बताया। इस मौके पर राजेंद्र सिंह अरविंद सिंह, गुरमीत सिंह, जयमल सिंह, अलाउद्दीन सैफी, जीतांबर यादव, आमिर रजा, तेजपाल, अशोक चौधरी, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने किया रामवीर को सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सेवानिवृत्त शिक्षक एवं श्री नारायण स्मारक इण्टर कॉलेज के अध्यक्ष रामवीर सिंह को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डीएम निधि गुप्ता वत्स, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा आदि समेत अन्य अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि उनके द्वारा शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में किया जा रहा प्रयास प्रशंसनीय है।

## चेयरपर्सन ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर किया गौ पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर पालिका परिषद गजरौला की अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी एवं उनके पुत्र प्रमोद कुमार द्वारा श्री कान्हा गौ आश्रय स्थल (गौशाला) में जाकर गौ पूजा की गई तथा गौ माताओं को चारा एवं गुड़ खिलाकर पुष्प वर्षा की गई। गौ माता की आरती करके जनमानस से गौ माता के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौराणिक, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गौ को हमारी माता माना गया है। गौ माता में देवी देवता निवास करते हैं। इसलिए गौ माता का संरक्षण करें और उचित मात्रा में भोजन आदि प्रदान करें, ताकि वे संरक्षित रहें। गौ पूजन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। चेयरपर्सन ने गौशाला के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर संजीव सिंह, अंकित सिंह, गौरव कुमार, मोहित कुमार, हरीश, निरंकार, हुकम सिंह, विनोद कुमार, दयानंद शर्मा, शोभित कुमार आदि मौजूद रहे।



गजरौला। पालिका दफ्तर पर ध्वजारोहण करते चेयरपर्सन व ईओ।



गजरौला। ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में ध्वजारोहण करते अतिथि।

## स्वतंत्रता दिवस पर हुए देशभक्ति के कार्यक्रम

**उल्लास**

● **स्कूल, कॉलेजों में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारत का 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल, कॉलेजों, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों व स्थानीय नागरिकों ने भी अपने अपने घरों पर ससम्मान राष्ट्रध्वज फहराया। इस दौरान वातावरण में देशभक्ति के गीत और उद्घोष गूंजते रहे।

नगर पालिका कार्यालय पर चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, ईओ ललित कुमार आर्य व नगर स्वच्छता प्रेरक पूर्व विधायक हरपाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। विकास खंड कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी विरेन्द्र सिंह, बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल ने ध्वज फहराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। कोतवाली में सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने ध्वज फहराया। एबीएसए कार्यालय पर बीईओ आरती गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय गजरौला में प्राचार्य प्रो.एमए गौरी व राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी में प्राचार्या डॉ.वंदना भारद्वाज ने ध्वजारोहण किया। विधायक राजीव तरारा ने अपने एमडीए कार्यालय स्थित आवास पर ध्वजारोहण किया। कारमेल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक विक्रम सिंह व प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा, नोबल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक राजीव उपाध्याय व प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय, एचसीएम इंटर कॉलेज कुमराला में प्रबंधक सर्वेन्द्र सिंह, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में प्रबंधक रोहताश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य पवन गिरि गोस्वामी व अध्यक्ष नवीन सिंघल, यश पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य नीरज कुमार, श्री नारायण स्मारक इंटर कॉलेज में प्रबंधिका दीपा सिरोही, संस्थापक अनिल सिरोही, प्रधानाचार्य वियजपाल सिंह ने, कमलेश गिल इंटर कॉलेज में सेवानिवृत्त फौजी विरेन्द्र सिंह, रामसरनदास स्मारक इंटर कॉलेज सलेमपुर गौसाई में प्रधानाचार्य धर्मपाल सिंह, ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में राम प्रकाश गर्ग, नवीन गर्ग, श्वेता गर्ग, डॉ.पूनम पंडित व प्रबंधक डॉ.पराग पंडित ने, रॉयल स्कॉलर्स एकेडमी में प्रबंधक रमेश चंद्र शर्मा, बाल भारती इण्टर कॉलेज बहलोलपुर में प्रबंधक सुमित कुमार व प्रधानाचार्य सरिता निमांकर, सरस्वती शिशु मंदिर गजरौला में प्रबंध समिति के सदस्यों व प्रधानाचार्य रामदास शर्मा, नॉर्दन इण्डिया पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य मनोज गोयल, नागपाल इण्टरनेशनल स्कूल में चेयरपर्सन अंशु नागपाल, निदेशक समीर नागपाल व प्रधानाचार्या निशु सिंह, अल आसिम एकेडमी में चेयरमैन कुंवर काशिफ हुसैन, सिद्धार्थ इंटर कॉलेज में प्रबंधक रविराज सिंह ने, सैंट सेफ इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य इकबाल अहमद सैफी, जीनियस पब्लिक स्कूल नाईपुरा में प्रबंधक व वार्ड सभासद रानी व संस्थापक फुरकान अली, भारतीय समाज सेवा समिति के कार्यालय पर डॉ. योगेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। जय भारत इण्टर कॉलेज द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं नगर की जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड में यूनिट हेड विनोद झा ने ध्वजारोहण किया। श्री कृष्णा लाइब्रेरी पर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ. भूपेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया।



गजरौला। ब्लॉक में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करतीं प्रमुख व बीडीओ।




गजरौला। नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

# पीएसी जवान ने रायफल से की आत्महत्या

## जन्माष्टमी पर पूजा के बाद मारी गोली, घटना से घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गांव ईश्वरदेवा निवासी पीएसी जवान हिमांशु (30) ने शनिवार को सीतापुर में ड्यूटी के दौरान अपनी इंसास रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया और परिवार बेसुध हो गया।

मंदिर में पूजा कर लगाया था स्टेटस। शनिवार सुबह ड्यूटी पर जाने से पहले हिमांशु ने सीतापुर पीएसी परिसर में बने मंदिर में पूजा की और भगवान के दर्शन करते हुए मोबाइल पर स्टेटस लगाया। परिजनों का कहना है कि जन्माष्टमी के दिन भगवान का आशीर्वाद लेने पर सभी खुश थे। किसी को अंदेशा भी नहीं था कि कुछ ही देर बाद ऐसा दर्दनाक हादसा होगा। हिमांशु की ड्यूटी सुबह सात से 10 बजे तक केंद्रीय आयुध भंडार के टॉवर संख्या एक पर लगी थी। करीब साढ़े आठ बजे अचानक उसने ड्यूटी के दौरान अपनी इंसास रायफल से गोली मार ली। आनन-फानन में



साथी जवानों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हिमांशु 2019 में पीएसी में भर्ती हुआ था। वर्तमान में वह सीतापुर स्थित केंद्रीय आयुध भंडार की सुरक्षा में तैनात था। एक साल पहले ही उसकी शादी बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी मोना से हुई थी। पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी जन्माष्टमी के दिन ही बेसुध हो गई। परिवार के लोग रोते-बिलखते सीतापुर के लिए रवाना हो गए। मृतक के तहेरे भाई यशवीर खटाना ने बताया कि हिमांशु बेहद हंसमुख स्वभाव का था। उसने आत्महत्या क्यों की, यह किसी की समझ में नहीं आ रहा। फिलहाल पुलिस ने हिमांशु का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। माना जा रहा है कि मोबाइल की कॉल डिटेल और चौट्स से आत्महत्या की वजह का खुलासा हो सकता है। हिमांशु की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, लोगों की आंखें नम हो गईं। घर का चिराग बुझ जाने से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। हर कोई यही सवाल कर रहा है कि जो जवान कुछ देर पहले मंदिर में भगवान के दर्शन कर रहा था, उसने अचानक यह आत्मघाती कदम क्यों उठा लिया।



हसनपुर। तहसील भवन के लोकार्पण के दौरान हवन में आहूति देते राज्यमंत्री व सांसद।

## नुमाइश में मारपीट युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददात**

**जोया।** थाना क्षेत्र के कस्बा जोया स्थित साप्ताहिक बाजार मैदान में लगे नुमाइश मेले में शुक्रवार देर शाम मारपीट हो गई। बताया जा रहा है कि मेले में कुछ युवकों के बीच झगड़ा चल रहा था। इस दौरान प्रधानों वाला मोहल्ला निवासी मोहम्मद जफर का बेटा अदनान भी मेले में पहुंच गया। तभी चोकीदारान मोहल्ला निवासी दो युवकों ने अदनान को लात-घूंसों और वेलटों से बुरी तरह पीट दियाद्य जिससे वह लहूलुहान हो गया।घटना के बाद मारपीट करने वाला दूसरा पक्ष मौके से फरार हो गया। घायल अदनान ने डिडौली थाने पहुंचकर दोनों आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जोया के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले की जांच जारी है।

# गंगा के तेज बहाव में डूबकर छात्र की मौत

## दोस्तों के साथ गया था नहाने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दोस्तों के साथ नहाने गये छात्र की गंगा के गहरे पानी में डूब कर मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में को. हराम मच गया। पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी शिवम पुत्र सतपाल सिंह जाटव शनिवार की शाम करीब 3 बजे गांव के रहने वाले दोस्तों के साथ गंगा पर नहाने के लिए गया था। गंगा एक्सप्रेसवे पर मौजूद पहली पुलिया पर छात्र शिवम दोस्तों के साथ नहाने लगा। इस दौरान उसका पांव गहरे पानी में फिसल गया। जिससे वह डूबने लगा। साथ गये दोस्तों ने शोर मचाया लेकिन तब तक शिवम गंगा के गहरे पानी में समा चुका था। मौके पर काफी भी जमा हो गई तथा ग्रामीण पानी में डूबे हुए शिवम को तलाश करने लगे। सूचना मिलने पर डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने 3 घंटे के बाद डूबे हुए छात्र को पानी से बाहर निकाल लिया। डायल 112 एवं ग्रामीण छात्र को अस्पताल लेकर पहुंच गये। लेकिन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने शिवम आयु 17 वर्ष को देखते ही मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि शिवम के माता-पिता हरियाणा के हिसार में रहकर मजदूरी करते हैं। शिवम अपने चाचा मलखान के पास रहकर पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सड़क दुर्घटना में मुमेरे फुफेरे भाई घायल

**अमरोहा।** मुरादाबाद जिले के थाना कुंदरकी क्षेत्र के ऊंचाकानी गांव निवासी संजय कुमार व उनके ममेरे भाई राजन निवासी मछरिया थाना कठघर शुक्रवार 3 अगस्त को वृजघाट से जल लेने जा रहे थे। रास्ते में बुढ़नपुर स्थित हाईवे पर एक पम्प के सामने वे पानी पीने के लिए रुके। इसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही दोनों फुफेरे-ममेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करायाद्य जहां से स्वजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए। फिलहाल दोनों का उपचार जारी है।शनिवार को घायल संजय कुमार के पिता शिवलाल ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा का मकसद प्रदेश का विकास

## राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र ने किया तहसील नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि सरकार का मकसद प्रदेश का बिना किसी भेदभाव के विकास कराना है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है हर वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया जा रहा है।

शनिवार को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नरेन्द्र कश्यप ने हसनपुर तहसील के नवनिर्मित भवन के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आजादी के पवन अवसर पर हसनपुर तहसील क्षेत्र की जनता के लिये इससे अच्छा तोफा और कोई नहीं होगा। इससे क्षेत्र की जनता का काफी लाभ पहुंचेगा। श्री कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में दूर दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को देखकर उनका हल करने के लिये प्रतिबद्ध है। किसान व मजदूर भाईयों को तहसील भवन के शुरू होने से काफी लाभ मिलेगा। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि आज क्षेत्र की जनता के लिये काफी खुशी का दिन है। वह काफी समय से नये तहसील भवन को चालू कराने की मांग कर रहे थे। अब एक ही छत के नीचे सभी कार्य एक साथ किये जायेंगे। जिससे समय की बचत होगी। विधायक हसनपुर महेन्द्र सिंह खडगवंशी ने कहा कि आज क्षेत्र की जनता के लिये गौरवशाली पल है। काफी समय से इसका इंतजार किया जा रहा था। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार जताया, कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक नागरिक को सुविधाएं देने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय के लिये भी प्रयास जारी है जल्द ही इस तरफ भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेंगे। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि यह तहसीलवा. सियों के लिये गौरव का क्षण है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि अभी जो समस्याएं शेष है उनका भी जल्द समाधान निकाला जायेगा। जनप्रनिधियों से वार्ता कर जनता की हर समस्या को दूर किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से पालन करें तथा लगन व मेहनत के साथ अपने काम को अंजाम दे। कोई समस्या आती है तो उसे अधिकारियों के समक्ष रखे। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने सभी को स्वत्रंता दिवस की बधाई देते कहा कि आज क्षेत्र की जनता के लिये गौरवपूर्ण क्षण है। काफी इंतजार के बार हम सभी के प्रयासों से यह काम संभव हो पाया है। उन्होंने तहसील परिसर में स्वच्छता बनाये रखने का आह्वान भी किया। इस मौके पर चेयरमैन राजपाल सैनी, सैदनगली चेयरपर्सन डॉक्टर अनुकृति,भाजपा अभिनव कौशिक, एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, चंद्रपाल खड़गवंशी, सतीश अग्रवाल, मुजाहिद चौधरी, चंद्रसेन अग्रवाल, फतेह सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पांच लाख व कार के लिए विवाहिता का उत्पीड़न

## पति समेत पांच पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल वालों ने विवाहिता को दहेज के लिए शारी. रिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की और घर से निकाल दिया। मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नगर के मोहल्ला शफातपोता में मोहम्मद इकबाल का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी सना की शादी 3 मार्च 2023 को जम्मू कश्मीर के उधमपुर जनपद के थाना मजालटा के मोहल्ला मन्नारा के रहने वाले आसिफ के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए शारी. रिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग करते हैं। कई बार दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई लेकिन ससुराल वालों को रवैया नहीं सुधरा। 10 सितंबर 2024 को ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में पिता के घर रहती है। 10 अगस्त के दोपहर में विवाहिता अपने घर पर थी। तभी पति आसिफ अपने परिजनों के साथ घर में घुस आया और गालियां दीं। विरोध करने पर दहेज की मांग दोहराई। जान से मारने की धमकी दी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में पति आसिफ, ससुर शेर मोहम्मद, सास मैधो बेगम, ननदोई शकील और अब्दुल रशीद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दुल्हन की तरह सजे मंदिर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर नगर के श्री राम मंदिर समेत अन्य सभी मंदिरो पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रेलवे स्टेशन के शिव मंदिर पर जागरण का आयोजन किया। जगह जगह श्री कृष्ण की ड्रैस, मुकुट, बांसुरी, मूर्तियों आदि की दुकानें सजी रहीं, जिन पर लोगों ने खूब खरीददारी की। मंदिरों पर भीड़ के चलते पुलिस भी सतर्क रही।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर नगर के नाईपुरा स्थित श्री राम मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। यहां पर आयोजित हो रही भागवत कथा का भी श्रवण किया। मंदिर में नगर व क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु पहुंचे और भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की। नगर के बुध बाजार स्थित शिव मंदिर पर जागरण का आयोजन किया गया तो वहीं चौपला स्थित शिव मंदिर, बस्ती स्थित हनुमान मंदिर, इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ शिव मंदिर को भी रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। नगर के बस्ती अवंतिका चौक पर भी सुन्दर झांकी बनाई। सभी मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़



उमड़ी। हर कोई भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में सरोबार नजर आया। लोगों ने अपने छोटे छोटे बच्चों को कान्हा के रूप में सजाने के लिये ड्रैस, बांसुरी, मुकुट आदि खरीदे। श्री कृष्ण के मुकुट और झूलों की भी खूब बिक्री रही। श्रद्धालुओं में जन्माष्टमी पर्व का उल्लास देखते ही बन रहा था। मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के कारण पुलिस भी सतर्क रही। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान व कस्बा चौकी इंचार्ज अतवीर सिंह चौहान, चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने मय पुलिस फोर्स के भ्रमण किया।

# बीएसएफ जवान ने दहेज के लिए पत्नी को निकाला

## छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शादी के दस साल बाद भी बीएसएफ में तैनात पति प्रताड़ित करता है। ससुर व बहनोई संबंध बनाने की कोशिश करता है। इतना ही नहीं विवाहिता को जान से मारने के इरादे से आग लगाने की कोशिश की गई। मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यह मामला रजबपुर थानाक्षेत्र के गांव से जुड़ा है। यहां पर रहने वाले किसान की बेटी की शादी बीएसएफ कर्मी के साथ हुई है। आरोप है कि उसका पति पिछले दस सालों से प्रताड़ित कर रहा है। जान से मारने की कोशिश की गई। एक साल पहले विवा. हता को कमरे में बंद करके आग लगा दी गई। बीएसएफ कर्मी पति अपने डिपार्टमेंट की एक लड़की से शादी करना चाहता है। पति के ड्यूटी पर जाने के बाद ससुर और बहनोई संबंध बनाने की कोशिश करते हैं। विरोध करने पर मारपीट करके घर से भगा दिया जाता है। रक्षाबंधन पर विवाहिता अपने मायके बच्चों के साथ आई थी। इसके अगले दिन ही ससुर और बहनोई व देवर घर से उठाकर ले गए। ससुराल वालों के द्वारा जान से मारने की नीयत से आग लगाने की कोशिश की गई। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।



अमरोहा। चेहल्लुम पर जंजीरों का मातम करते अजादार।

## चेहल्लुम पर जंजीरों का मातम कर लहुलूहान हुए अजादार

# कैद से छूटकर जब सैयदे सज्जाद आए...

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इमाम हुसैन के चेहलुम पर अजादारों ने जंजीर का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। शहर के अजाखानों से गमगीन माहौल में ताबूत बरामद हुए। इस दौरान फिजा में लब्बैक या हुसैन की सदाएं सुनाई दीं। शुक्रवार सुबह सबसे पहले मोहल्ला बड़ा दरबार से ताबूत बरामद हुआ। जुलूस ने अपने तयशुदा रास्तों से होकर गुजरा। जुलूस में मातमी अंजुमन नौहा पढ़ती हुई चल रही थीं। सुबह आठ बजे बड़ा इमामबाड़ा दानिशमंदान से निकला ताजियों का जुलूस रेलवे लाइन पार सुबोध नगर स्थित कर्बला पहुंचा। वहीं, मोहल्ला मंडी चौब स्थित सिब्तैन मंजिल से ताजिए का जुलूस निकला जो दरबार-ए-कलां होता हुआ पहले मोहल्ला छेवड़ा पहुंचा और फिर छेवड़े के ताजिए के साथ कटरा गुलाम अली से गुजर रहे मुख्य जुलूस में शामिल हो गया। सुबह 11 बजे अजाखाना बगला से चेहलुम का मुख्य जुलूस बरामद हुआ। यह जुलूस अपने तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए बिजनौर रोड स्थित कर्बला में संपन्न हुआ। यहां मरसिया पढ़ा गया। जुलूस में कुल 30 ताजिए शामिल थे। अंजुमन अब्बासिया ने बाजार गुजरी और नौबतखाना में जंजीर का मातम किया। गमे हुसैन में

**■ नगर में तीस ताजियों के साथ निकला जुलूस**

अजादारों ने खुद को लहूलुहान कर लिया। फिजा में या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। जुलूस में सिब्ते सज्जाद और हसन इमाम ने छुन्नू लाल दिलगीर का मशहूर मरसिया...कैद से छूटकर जब सैय्यदे सज्जाद आए...पढ़ा। इनके अलावा मुदस्सिर अली खां, आसिफ निसार, अफजाल हैदर, मोहम्मद शुजा, अदनान हैदर, मोहम्मद हैदर, तबारक अली आदि ने जुलूस में मर्सिया पढ़ा। जुलूस अंजुमन तहफ्फुज-ए-अजादारी के तत्वावधान में निकला, जिसका संच. ालन अंजुमन रजाकारान-ए-हुसैनी ने किया। डीएम स्तर से गठित कमेटी में शामिल जिया एजाज नकवी, लियाकत अली, बाकर रजा नकवी, नदीम नकवी, शहजाद रजा, कासिम जैदी की निगरानी रही। अंजुमन के काईद गुलाम सज्जाद, इमदाद आबिदी, जनरल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी, डा.चंदन नकवी, वसीम जैदी, शाने मेहदी, मोहम्मद हैदर, सिराज गालिब, हुसैनी, कमर रजा व सलीम आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक की पत्नी को बीमा कम्पनी ने नहीं दिया क्लेम

## नौ प्रतिशत ब्याज से भुगतान करने का आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक की पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने के बाद बीमा कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर दिया। कंपनी के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। मामले में उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को क्लेम की धनरा. शि 4.88 लाख रुपये को नौ प्रतिशत ब्याज सहित अदा करने के निर्देश दिए हैं।

सैदनगली में शिक्षक सचिन कुमार का परिवार रहता है। 24 जनवरी 2011 को उन्होंने हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से स्वास्थ्य पॉलिसी ली थी। यह पॉलिसी लगातार चल रही है। शिक्षक सचिन कुमार ने पॉलिसी को 15 दिसंबर 2019 से 14 दिसंबर 2021 के लिए पोर्ट करा लिया था। 10 लाख रुपये की यह पॉलिसी चार सदस्यों के लिए थी। जिसकी प्रीमियम धनराशि 43230 रुपये भुगतान की गई थी। इस बीच शिक्षक सचिन कुमार की पत्नी वर्तिका सड़क हादसे में घायल हो गई थीं। वह छह महीने कोमा में रहीं। जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। कमजोरी के चलते 23 फरवरी 2022 को वह बाथरूम में गिर गईं और उनके सिर व शरीर के कई हिस्सों में चोट आई। इस दौरान वह मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती रहीं। कैशलेस सुविधा के अंतर्गत बीमा कंपनी को क्लेम भुगतान करना था। इस दौरान इलाज में 548735 रुपये खर्च हुए। लिहाजा सचिन कुमार ने क्लेम भुगतान के लिए बीमा कंपनी को आवेदन किया। कई बार बीमा कंपनी ने प्रपत्रों की जांच कराकर औपचारिकताएं पूरी कीं लेकिन 27 सितंबर 2022 को क्लेम देने से इनकार कर दिया। जबकि सचिन कुमार गुप्ता की पॉलिसी दो साल के लिए वैध थी। इस दौरान सचिन कुमार गुप्ता ने कंपनी को नोटिस भेजा तो उसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिसके चलते सचिन कुमार गुप्ता ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेकर आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी को तलब कर लिया। इस दौरान आयोग ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को सेवा में कमी का दोषी पाया। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि बीमा क्लेम की कुल धनराशि 488735 रुपये वाद दायर करने की तिथि से भुगतान की तिथि तक नौ प्रतिशत ब्याज के साथ चुकानी होगी।

# चालक से मारपीट के बाद महिला ने पलटा टैम्पो

## पुलिस ने टैम्पो किया जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** महिला यात्री व टेंपो चालक के बीच मारपीट होने के बाद महिला ने टेंपो पलट दिया। टेंपो चालक फरार हो गया। महिला की सूचना पर पुलिस ने टेंपो को जब्त कर लिया।

शुक्रवार को किरन नाम की महिला नगर के संभल बस स्टैंड पर अपने गांव दुल्हीपुर अहीर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। महिला का आरोप है कि जब उन्हें एक टेंपो चालक से चलने के लिए कहा तो चालक गुस्से में आ गया। और उसने बदतमीजी करते हुए उसके साथ मारपीट भी की। जिस पर महिला द्वारा उसका टेंपो सड़क पर पलट दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया,इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर टेंपो चालक मौके से फरार हो गया।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और टेंपो को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। वहीं पीड़ित महिला द्वारा टेंपो चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है,वहीं पुलिस तहरीर लेकर जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

# जिक्रे हुसैन कर इमाम हुसैन की शहादत को किया याद

## चेहल्लुम पर नगर में निकला जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** कर्बला के शहीदों के चेहलुम पर बस्ती की फिजा गमगीन रही। अजादारों ने मातम कर अजीम शहादत को याद किया। रातभर चली शब्बेदारी में या हुसैन-या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। घरों में नजर-ओ-नियाज का सिलसिला जारी रहा।

शुक्रवार सुबह में इमामबाड़ा नूरियों से पहला जुलूस अंजुमन-ए-हैदरी के संयोजन में बरामद हुआ जो दौलत शहीद, मजहर-ए-कर्बला, हुसैनी चौक से गुजरते हुए कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। इसके बाद इमाम बारगाह दौलत शहीद से अंजुमन-ए-सोगवारे हुसैनी के संयोजन में दूसरा जुलूस बरामद हुआ। जो तयशुदा रास्तों पर गश्त करते हुए कर इमाम बारगाह दौलत शहीद पहुंचा। बाद नमाज-ए-अस्र मोहल्ला कटकुई स्थित इमाम बारगाह सैय्यद हसनैन में मौलाना अली शब्बर ने मजलिस को खिताब किया। कर्बला की तारीख बताते हुए इमाम हुसैन की कुर्बानियों पर रौशनी डाली। कर्बला के शहीदों की जिंदगी पर चलने का पैगाम दिया। इसके बाद अंजुमन-ए-यादगारे हुसैनी व अंजुमन-ए आब्दिया ने अपना-अपना मातमी जुलूस बरामद किया। देर शाम एक जुलूस इमाम बारगाह सैय्यद हसनैन कटकुई पहुंचकर संपन्न हुआ। वहीं, गमगीन माहौल में देर रात अंजुमन-ए-आब्दिया का जुलूस अठ्ठारह बनी हाशिम मोहल्ला शाह फरीद स्थित इमाम बारगाह हजरत अली से बरामद हुआ। इस दौरान मौलाना मसरुर अब्बास, शजर अब्बास, वक्कार हैदर, अली इमाम, अली रजा, मास्टर अली हैदर, नूर अब्बास राना आदि मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार की निगरानी में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं, चेहलुम के सिलसिले में बस्ती में घर-घर नजर-ओ-नियाज का सिल. सिला चलता रहा। जिक्र-ए-हुसैन कर लोगों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया।

# कमिश्नर ने स्वतंत्रता दिवस पर कमिश्नरी प्रांगण में किया ध्वजारोहण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयुक्त आवास में ध्वजारोहण किया।

उक्त के उपरांत कमिश्नर ने कमिश्नरी प्रांगण में भी ध्वजारोहण किया। कमिश्नर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा अमर शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर नमन किया। कमिश्नर ने कमिश्नरी प्रांगण में पौधारोपण भी किया। कमिश्नर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजादी को दिलाने के लिए सरदार भगत सिंह, सुखदेव जैसे अन्य लोगों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिये, जिस कारण आज हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ हमारे देश के सभी लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों का विश्लेषण करें और देखें कि कैसे और बेहतर कर सकते हैं। आज हमारे पड़ोसी देश में स्थिति खराब है, हमें भी सजग रहने और सतर्कता बरतने की आवश्यता है।

इस अवसर पर कमिश्नरी के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कुर्बानी से ही मिली हमें आजादी: धर्मपाल

- पशुधन मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर किया शुभारम्भ
- देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जीआईसी ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पशुधन मंत्री द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में महापौर डा. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



इस अवसर पर पशुधन मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस बहुत महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने 1947 से पूर्व के भारत और उसके बाद के भारत के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जब देश के लिए लड़ाई लड़ रहे थे तो उन्होंने अपनी और अपने परिवार की चिंता नहीं की थी। पशुधन मंत्री ने अशफाक उल्ला खां का जिक्र करते हुए कहा कि जब वह छात्र थे उस समय उन्होंने आजादी के कार्यों में प्रतिभाग करना शुरू किया तो स्कूल से उनका नाम काट दिया गया, और परिवार को भी परेशान किया गया। फिर वह आंदोलनकारियों के पास चले गये, और बाद में अंग्रेजों ने उन्हें फांसी की सजा दी गयी। जब उन्हें फांसी के लिए ले जाया गया तब उन्होंने अपनी मां से कहा मैं आपकी इच्छा पूरी करने जा रहा हूँ, फांसी के फंदे के साथ शादी कर रहा हूं। इस अवसर पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, सीडीओ देवयानी सहित गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

# यतीम की हिमायत करने पर मिलती हैं बेशुमार नेकियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** शिया धर्मगुरू मौलाना मुबीन हसन ने कहा कि हदीस ए रसूल है कि जो लोग यतीम के सर पर मोहब्बत से हाथ फिराते हैं उनके हक में अल्लाह बेशुमार नेकियां लिख देता है।

मौलाना हसन यहां इमामबाड़ा ए चूड़ी बालन में शिक्षक इश्तियाक हुसैन के ईसाल ए सबाब के सिलसिले में आयोजित मजलिस को खिताब कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह यतीम की मदद पर अल्लाह नेकियों में इजाफा करता है, उसी तरह अगर आप उसपर जुल्म करते हैं तो उतने ही गुनाह के भागीदार बनेंगे। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन ने नबी की इसी हदीस को करबला में आत्मसात किया। अपनी एक घंटा धारा प्रवाह तकरीर के दौरान उन्होंने अनेक समाजिक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इंसाफ करते वक्त रिश्ते नाते अमीर गरीब का भेद न करके जिसने इंसाफ कायम किया वो शख्स नबी ए करीम के साथ जन्नत में दाखिल होगा। बाद में मौलाना ने शोहदा ए करबला के फ्जाइल फिर मसाईल ब्यान किए।

# उत्साह से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर व क्षेत्र में यौम ए आजादी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी संस्था, निजी संस्था आदि में उनके मुखियों द्वारा झंडा पहराया गया। नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने झंडा फहराने के उपरांत यौम ए आजादी के पर्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह आजादी हमारे वीर सपूतों की कुर्बानी के बाद नसीब हुई है, हमारा कर्तव्य है कि हम इसे हिफाजत से रखें।

इधर क्षेत्र के गांव रूपपुर पैगा के प्रधान नाजिम अली ने भी झंडा फहराने के बाद कौम को खिताब किया।

# आन बान शान के साथ फहराया गया तिरंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शीशगढ़ क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया सरक. ारी अर्धसरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपंचायत कार्यालय पर चेयरमैन नीलोफर पत्नी हाजी गुड्डू ने झंडा फहराया नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। थाना शीशगढ़ में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने, हाजी दूल्हा बेग इंटर कालेज में अध्यक्ष अब्दुल वहीद सिद्दीकी ने लोटस एकेडमी में प्रबंधक विपिन सिंह ने, स्वामी सोमनाथ इंटरकालेज मानपुर में प्रबंधक डाक्टर धर्म सिंह ने स्वामी सोमनाथ प्राइवेट आईटी आई में अजय सिंह ने, एनडी एकेडमी में डाक्टर धर्म सिंह ने ध्वजारोहण किया।

कल्याण राय राजपूत इण्टर कालेज में प्रबंधक चरन सिंह ने स्वामी विवेकानंद इण्टर कालेज में चौधरी वीरेंद्र सिंह ने ध्वजारोह किया।

**वहीं** विधायक डाक्टर डीसी वर्मा के नेतृत्व में शीशगढ़ कस्बे में तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें देशभक्ति के गीत भी गाए गए। तिरंगा यात्रा में रामौतार मौर्य, प्रवेश कुमार देवल, अंकुश गुप्ता, प्रमोद कुमार, देवल आदि मौजूद रहे।

# नीट में मिली सफलता तो खिल उठे चेहरे

- गिरधरपुर के मोहम्मद साकिब को लखीमपुर के मेडिकल कॉलेज में मिला एडमिशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बहेड़ी तहसील के गांव गिरधरपुर निवासी इरशाद अहमद उर्फ बनने चौधरी के पुत्र मोहम्मद साकिब को एमबीबीएस में एडमिशन मिलने पर परिवार में खुशी का माहौल है। काउंसलिंग में मोहम्मद साकिब को ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज लखीमपुर खीरी में प्रवेश मिला है। मोहम्मद साकिब ने सफलता पाकर अपने गांव का नाम रोशन किया है।

मोहम्मद साकिब एक होनहार युवा है, उसने नीट की परीक्षा में तीन बार असफलता मिलने पर भी हिम्मत नहीं हारी। बड़े भाई मास्टर फैयाज ने हौसला बढ़ाया, और एक बार फिर नीट की परीक्षा की तैयारी कराने के लिए कोटा राजस्थान भेज दिया।

चौथी बार में मोहम्मद साकिब को कामयाबी मिली तो परिवार में खुशियां छा गई। मोहम्मद साकिब को सफलता मिलने पर उनके हौसले बुलंद हैं, अब उनका स्पेशलिस्ट डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना उनका सपना है। परिवार के सहयोग से वह इस सपने को साकार करके ही दम लेंगे। गिरधरपुर में नीट परीक्षा में यह तीसरी सफलता है। सबसे पूर्व गिरधरपुर निवासी नजीर अहमद की पुत्री व उसके बाद मोहम्मद नवी बाबूजी के पुत्र सरफराज हुसैन एमबीबीएस डॉक्टर बनने का गौरव हासिल कर चुके हैं।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरुनगला 2 में फहराया तिरंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरुनगला 2नगर क्षेत्र बरेली में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आरएएफ बटालियन ने भी प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य इंचार्ज फरहा बेगम ने ध्वजारोह। किया ध्वजारोहण के उपरांत स्वतंत्रता संग्राम एवं आजादी के विषय में बच्चों को विस्तार से बताया गया। बच्चों ने देशभक्ति के गीत एवं कार्यक्रम प्रस्तुत किए कार्यक्रम का संच. ालन इंचार्ज फरहा बेगम ने किया।



# शान से फहराया गया तिरंगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना परिसर व क्षेत्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। विभिन्न स्कूलों में संस्कृतिक कार्यक्रम में हुये और देशभक्ति गीत गाए गए तिरंगा यात्रा निकाली गईं लोगों ने यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। शुक्रवार को कस्बे के रेड रोजेज पब्लिक स्कूल में प्रबंधक अजय सक्सेना ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य,नाटक प्रस्तुत कये। प्रधानाचार्य प्रियंका सक्सेना ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री गुरु हरि कृपा इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष उल्लाष के साथ मनाया गया, जिसमें छात्र,छात्राओं ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति की. प्रधानाचार्य राजीव मिश्रा जी ने स्वतंत्र भारत के बारे में सम्बोधन किया।यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज में अध्यक्ष विजय गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। प्रबंधक रमन कुमार जायसवाल ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी दी।

इस मौके प्रधानाचार्य जसवीर सिंह व कॉलेज का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव ने ध्वजारोहण किया ब्लाक के कर्मचारी मौजूद रहे।थाना परिसर में थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने ध्वजारोहण किया।इस मौके पर चौकी प्रभारी अनूप कुमार,एसएसआई विश्वदेव सिंह, एसआई पंकज कुमार, एसआई मांगेराम के साथ साथ समस्त पुलिस फोर्स मौजूद रहा। विधायक प्रतिनिधि संजय चौहान ने सचिन चौहान के आवास से तिरंगा यात्रा निकाली गईं।

मीरगंज विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा लोधीनगर चौराहा ब्लाक कार्यालय चिटोली रोड होते हुये उनासी चौरहा पर समाप्त हुई।यात्रा में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

# डीएम ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया ध्वजारोहण

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण किया। उसके बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ राष्ट्रगान गाया।

डीएम ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिवार की ओर से सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। डीएम ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े अधिकारी, सैनिकों को शुभकामनाएं दीं, और कहा कि हमारा देश पहले सोने की चिड़िया के रुप में जाना जाता था, पुनः उसे 2047 तक सोने की चिड़िया बनाएगें, और उसे विश्व गुरू बनाएगें। कुछ लोग नकारात्मक सोच के होते हैं जो विभिन्न वादों का सहारा लेकर देश में दिवारें खड़ी करने की कोशिश करते रहते हैं, लेकिन हमें समझना होगा कि धर्मवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, सम्प्रदाय वाद आदि इन सबसे ऊपर है राष्ट्रवाद। इसके साथ हमें कर्मवाद को अपनाना होगा, कर्म के माध्यम से ही 2047 के स्वप्न को हम पूरा कर सकते हैं। इस अवसर पर डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे।

# चेहल्लुम पर निकला जुलूस लहूलुहान होकर रोए अजादार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** हजरत इमाम हुसैन अ.स. की शहादत की याद में शिया समुदाय के अकीदतमंदों ने चेहल्लुम का जुलूस निकाला। मोहर्रम से लेकर चेहल्लुम तक पूरे दो महीने तक मातमी मजलिस का सिलसिला लगातार जारी रहा, जिसकी पराकाष्ठा शुक्रवार को निकले इस मातमी जुलूस में देखने को मिली।



इससे पहले शहीदाने कर्बला का चेहलुम का आगाज इमामबाड़ा खुर्द की मजलिस से हुआ। मौलाना तंजीम हुसैन जैदी ने खिताब किया। वहीं दरगाह हजरत अब्बास पर रज्जन जैदी ने मर्सिये के अंदाज में मजलिस पढ़ी। मजलिस खत्म होने के बाद अजादार दरगाह मौला अली पर जमा हुए। जब यहां से ताजिया बाहर आया तो माहौल गम से भर गया। नौहेखघ्वान ने नौहा पढ़ा "कैद से जब के आबिद रिहा हो गए", तो अजादार सीना पीटकर फूट-फूटकर रोने लगे। उसके बाद जुलूस बस्ती का गश्त करता हुआ मेन रोड पर पंहुचा। जुलूस में शामिल अजादारों ने सीना-जनी और जंजीर का मातम किया। नौहों और मातमी आलम के बीच शिया समुदाय के लोग अपने शरीर को लहूलुहान करते हुए इमाम हुसैन की शहादत को याद कर रो पड़े। जुलूस में बड़ी तादाद में बच्चे भी शरीक रहे, जिन्होंने मातमी परंपरा को निभाते हुए अकीदत का इजहार किया। चेहल्लुम का यह जुलूस मेन रोड से होकर गुजरा। हर गलीखक्रूचे में "या हुसैन" की सदाएं गूंज उठीं। जुलूस जब कर्बला पहुंचा तो अजादारों ने अंतिम मातमी रस्में अदा कीं और ताजियों को सुपुर्द-ए-खघक किया गया। जुलूस को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुखघ्ता इंतजाम किए थे। भारी संख्या में पुलिसकर्मी जुलूस के साथ-साथ चलते रहे, और पूरे रास्ते सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे।

जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में डॉ. अकील जैदी, असद जैदी, मुस्तैहसन जैदी, लख्ते हैदर, मुनीब हुसैन, काशान जैदी समेत बड़ी तादाद में अकीदतमंद शामिल रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण का रूप धारण कर मोहा मन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भगवान श्री कृष्ण का रूप धारण कर ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि डॉक्टर एके गंगवार और डॉक्टर मीनाक्षी गंग. वार के पुत्र ने सभी का मन मोह लिया। वहीं नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कस्बे के मंदिरों में सजावट की गई, इसके साथ ही गंगा मंदिर चौराहे पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस अवसर पर सरकारी, अर्ध सरकारी कार्यालयों के साथ शिक्षण संस्थानों में उनके प्रमुखों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, और सलामी लेकर लोगों की इसकी शुभकामनाएं दीं।

कस्बे की मुंसिफ कोर्ट में न्यायिक मजिस्ट्रेट विनेश कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, और सलामी लेते हुए मौजूद अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को इसकी मुबारकबाद दी। इसके साथ ही तहसील में एसडीएम उदित पवार ने तिरंगा फहराया, इस दौरान तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने सभी को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इसके साथ ही नगर पालिका परिषद कार्यालय में पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। साथ ही कर्मियों को बधाई देते हुए अपना कार्य ईमानदारी से करने का आवाहन किया। इस दौरान उनके पति भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर, अधिशासी अधिकारी आर आर अंबेश के साथ ही कई सभासद मौजूद रहे। ब्लॉक कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने ध्वज फहराया। एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यालय पर अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, उपनिबंधक कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक निशात अकबर काजमी, कोतवाली में सीओ नीलेश मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर प्रमुखों ने राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर आपसी मतभेद भुलाकर देश को मजबूत करने के साथ ही अपने अपने कार्य ईमानदारी से किए जाने का आवाहन किया।

इसके साथ ही आदर्श महाविद्यालय, आपूर्ति कार्यालय, स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज, जेपीएन इण्टर कॉलेज, जीजस एंड मेरी इंटर कॉलेज, फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल में भी उनके प्रमुखों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।



# गरगईया में शांति और सौहार्द्र के साथ मनाया गया चेहल्लुम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कत्ले हुसैन असल में मर्गे यजीद है, इस्लाम जिन्दा होता है हर करबला के बाद।

क्षेत्र के गाव गरगईया में हजरत इमाम हुसैन के चालीसवे पर शनिवार को शांति और सौहार्द के साथ शनिवार को चेहल्लुम मनाया गया। इस अवसर पर उनके और उनके जांनिसारों द्वारा दी गई कुर्बानियों का जिक्र करते हुए उनकी शहादत को याद किया गया। जगह जगह सबील लगाकर लंगर लगाए गए।



बरेली पीलीभीत हाईवे किनारे ग्राम गरगईया में पांच ताजियों के साथ ही ग्राम ईंधजागीर, यासीन नगर बरखन, खतौआ, जरेली, सुतईया के एक दर्जन से ज्यादा ताजिओं के साथ जुलूस निकालकर हसन हुसैन को याद किया गया।

इस दौरान ग्राम में आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए मस्जिद के मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन ने अपनी अजीम कुर्बानी के जरिए न सिर्फ इस्लाम को बचाया, बल्कि इंसानियत को बचाया। साथ ही यजीदीयत और बुराई को रूसवा किया। हर इंसान को चाहिए कि वह इमाम हुसैन के बताए रास्तों पर चलें। क्योंकि उन्होंने कुर्बानी देकर इस्लाम और इंसानियत को फिर जिन्दा कर दिया। उन्होंने कहा कि कर्बला की जंग में नौ लाख यजीदियों के सामने इमाम हुसैन के 72 साथियों थे, इसके बावजूद उन्होंने अपनी कुर्बानी पेशकर इस्लाम और इंसानियत को बचा लिया। इससे यह साबित होता है कि हक वाले कम भी हो तो बातिल से नहीं हारता। हक और सत्य की हमेशा जीत होती है। चेहल्लुम के अवसर पर नई बस्ती के छोटे, पप्पू, कदीर अहमद, असलम, इस्लाम, सरताज, काशिम, अमन, आफाक अहमद, पप्पू शाहिद अंसारी, आफताब, तस्लीम, नसीम, फैजान, इंजार हुसैन, आबिद, आसिफ हिन्द ढाबा, सफाकत, सहीब मुर्गा शॉप, तालिब, फरियाद, अखलाक, शाकिर, तौहीद, नूरी, डॉक्टर अलीम आदि लोगों ने इसमें भागेदारी की।

# सारा शहर मेजबान और जायरीन होंगे मेहमान

- पौधे रोप कर दिया गया हरियाली का पैगाम, उर्स की तैयारियां अंतिम पड़ाव पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उर्स-ए-रजवी का आगाज सोमवार को हो जाएगा। तैयारियां अंतिम पड़ाव पर हैं। तेजी के साथ दरगाह से लेकर उर्स स्थल इस्लामिया मैदान में काम निपटाए जा रहे हैं। दरगाह और इस्लामिया गेट को लाइटों से सजाया गया है। इस्लामिया मैदान में आला हजरत के साहित्य समेत अहले सुन्नत के बुजुर्गों की किताबें कम दामों में उपलब्ध रहेंगी। दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने टीटीएस रजाकारों की समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। सभी को निर्देश दिए किए कि बाहर से आने वाले जायरीन को किसी तरह की कोई दिक्कत न आए। सभी के साथ प्यार मोहब्बत से पेश आएं। सभी तैयारियां सय्यद आसिफ मियां की निगरानी में चल रही हैं। जायरीन की खिदमत के लिए 1500 टीटीएस के वॉलिंटियर्स लगाए हैं। जो अभी से मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।



दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के लिए सारा शहर मेजबानी के लिए तैयार है। जिला इंतेजामिया, दरगाह इंतेजामिया के अलावा शहर के लोगों ने अपने स्तर से तैयारियां की हैं। जायरीन को ठहराने की व्यवस्था दरगाह के अलावा खलील स्कूल, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज, इस्लामिया ब्वॉयज, इस्लामिया बेसिक व किशोर बाजार के प्राइमरी स्कूल, शहर के मदरसों, मेहमानों खानो, शादी हॉलों में की गई है। पार्किंग के लिए भी जिला प्रशासन के कई स्कूल अधिकृत किए गए हैं। दरगाह के वरिष्ठ मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने बताया कि इस्लामिया मैदान में 200 स्टालों का पुस्तक मेला लगाया जा रहा है, जो देश में लगने वाले मजहबी पुस्तक मेलों में बड़ा होता है। जिसमें कंजुल ईमान, फतावा रजविया, फतावा मुस्तफिया, आला हजरत की शायरी का नातिया दीवान के अलावा बहुत सी मजहबी किताबें उपलब्ध रहेंगी। परवेज खान नूरी, हाजी जावेद खान, शाहिद नूरी ने बताया कि उर्स स्थल पर जायरीन के रेलवे टिकट विंडो की व्यवस्था रेलवे द्वारा की गई है।

साथ ही समय सारिणी का बोर्ड भी जायरीन की सहूलियत के लिए लगाया जाएगा।

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**पीलीभीत।** जनपद में देश का 79 वा स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी, अर्द्ध सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों में झंडारोहण किया गया। शहर के मंदिरों को के केसरिया,3 सफेद, और हरे रंग के गुब्बारों से मनोहारी श्रृंगार किया गया। सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में विभिन्न आयोजन हुए। प्रदेश के गन्ना एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने आवास, कार्यालय व गांधी स्टेडियम पर ध्वजारोहण किया देश भक्ति की अलख जगाई। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव, सीडीओ श्रीवास, सीएमओ डा. आलोक कुमार, सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने मां भारती के वीर सपूतों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बांसुरी नगरी भारत माता की जय, अमर शहीद अमर रहे के नारों से गूंज उठी। स्वतंत्रता दिवस का जश्न शहर से लेकर गांव तक मनाया गया। सड़कों पर हिन्दू संगठनों के साथ सरकारी विभागों के द्वारा तिरंगा यात्राएं निकाली गई। नगर पालिका परिषद कार्यालय में पालिक अध्यक्ष डा. आस्था अग्रवाल ने ध्याजारोहण कर भारत मां के वीर सपूतों को नमन किया। नगर पंचायत नौगामा पकड़िया की अध्यक्ष संदीप संतोख संधू ने नगर पंचायत परिसर में ध्याजारोहण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए भारत माता के वीर सपूतों को नमन किया। भाजपा नेता संजीव गंगवार ने किसान सेवा सहकारी समिति बरखेड़ा पर ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरित किया। नवीन मंडी स्थित खाद्यान्न आढ़ती संघ द्वारा बड़ी ही धूमधाम से देश की आजादी का पर्व मनाया गया, इस दौरान समा. जसेवी एवं व्यापारी नेता उमेश गंगवार ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कर देशभक्ति के नारे लगा देश की आजादी का जश्न मनाया।

# नगर में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**पूरनपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज आफ फार्मेसी के तत्वाधान में नगर के मुख्य मार्ग से कई वर्गो से सैकड़ो की संख्या में भव्य तिरंगा यात्रा निकल गई। जिसमें सामाजिक संगठन के अलावा सभी धर्म के लोग शामिल हुए। शनिवार को आयोजित तिरंगा यात्रा 15 अगस्त पर नगर के पोस्ट ऑफिस के पास पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के चेयरमैन अमित मिश्रा के नेतृत्व में व्यापार, मंडल अधिवक्ता समाज सहित कई सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा पोस्ट ऑफिस से शुरू होकर स्टेशन रोड सराफा बाजार होते हुए पकड़िया चौराहे से कोतवाली रोड से जाकर पोस्ट ऑफिस पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का नगर पालिका चौराहे पर फूलों की वर्षा का स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य चौराहे पर पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के छात्रों ने चार चांद लगा दिए मनमोहक नृत्य के अलावा देशभक्ति पर आधारित नाट्य कार्यक्रमों का मंचन भी किया जिसको नगर वासियों ने काफी सराहना की और छात्रों का मनोबल बढ़ाया। अंत में तिरंगा यात्रा का समापन पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के एमडी अमित मिश्रा ने आभार व्यक्त कर किया। तिरंगा यात्रा का संच. ालन भाजपा नगर उपाध्यक्ष गुंजन सक्सेना एवं त्रिभुवन शर्मा ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से काउंसलर महेंद्र मिश्रा, अनादि मिश्रा उर्फ विकास, विशाल वर्मा भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अचल मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, रवि जयसवाल, नितिन वर्मा, भाई सुभाष गुप्ता, मुनेन्द्र पाल सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रामरतन लाल विद्या मंदिर स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस



**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के निकट देवी स्थान मंदिर पर संचालित रामरतन लाल विद्या मंदिर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सबसे पहले स्कूल की अध्यक्ष श्रीमती साधना पांडे ने ध्वजारोहण किया, मौजूद छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई उसके बाद सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने सुंदर सुंदर गीत सुनाकर कर तालियाँ बटोरीं। छात्र छात्राओं के सामूहिक गीत ने समूचे परिसर में देशभक्ति की गूंज भर दी। छात्राओं के विशेष देशभक्ति गीत और विद्यालय द्वारा निक. ाली गई रैली मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें ग्राम पंचायत में रैली चर्चा का विषय बनी रहीं। विद्यालय के आचार्य मधुर वाजपेई, पंकज शुक्ला, द्वारा सुनाई गई कविता ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

स्कूल के प्रबंधक रामशंकर पांडे ने विद्यार्थियों से देश के प्रति प्रेम, सेवा और अनुशासन को जीवन का उद्देश्य बनाने की अपील की। प्रधानाचार्य प्रदीप मिश्रा ने कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को न केवल सपने देखना चाहिए बल्कि राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य रूप किशोर मिश्रा, विमल दीक्षित ने किया।

# बच्चों ने राधा–कृष्ण बन धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेनहर गुरुकुल, टनकपुर रोड कैंपस में कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कक्षा प्री नर्सरी, नर्सरी और केजी के बच्चों ने श्री कृष्ण की जीवन कथा के विभिन्न दृश्यों को दर्शाते हुए प्रस्तुति दी।

बच्चों ने कृष्ण, राधा, गोपियां, सुदामा, यशोदा और वासुदेव जैसे प्रमुख पात्रों की वेशभूषा धारण की और मटकी से माखन चुराना और मटकी फोड़ना जैसे प्रसिद्ध दृश्यों का मंचन किया। विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी और प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर ने बाल गोपाल के पालने को झुलाकर उनका स्वागत किया। विद्यालय के प्रबंधक गुरदित्त सिंह सैहमी ने सभी को



जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय है और ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को पौराणिक कथाओं और संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर अध्यापिकाओं श्वेता गौड़, रेनू भट्ट, मनिका मिश्रा और लोकेश गंगवार ने झांकियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दिनेश की बांसुरी से निकली देशभक्ति की धुनों ने किया मंत्रमुग्धन

पीलीभीत। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर जनपद मुख्यालय जिला अधिकारी कार्यालय सभागार में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, कलेक्ट्रेट और जनपद के फनकारों ने प्रस्तुति दी। इस क्रम में पीलीभीत के मशहूर बांसुरी वादक दिनेश कुमार पूर्व शासकीय अधिवक्ता ने भी "जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा" बांसुरी की धुनों पर पिरोया।जिसकी सभी प्रशासनिक अधिकारियो ने प्रशंसा की। संयुक्त बार ऐसोसिएशन के सभागार में भी शानदार और यादगार पलों को पिरोते हुए जश्न मनाया गया अधिवक्ता आनंद मिश्रा महासचिव के निमंत्रण पर एड. दिनेश यादव ने भी अपने दैवीय फन बांसुरी वादन से "वो जब याद आएं बहोत याद आए" धुनों को बांसुरी के छिद्रों से पिरोए साथ ही गज़ल भी गाई। आपको बताते चले एड दिनेश कुमार लगभग 20 वर्षों से कलेक्ट्रेट में बांसुरी वादन करते है।

## सड़क किनारे मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार की सुबह थाना छतारी क्षेत्र के दानपुर–पहासू मार्ग पर गांव बमनपुरी के समीप सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। शनिवार सुबह लोगों ने शव को सड़क किनारे पड़ा देखा। शव की पहचान नहीं हो सकी है।


## आरआरबी परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ

**मुरादाबाद, देहरादून और अलीगढ़ जं.** पर आरआरबी परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा **दिनांक 17.08.2025 से 09.09.2025 तक** विशेष रेलगाड़ियाँ मेल/एक्सप्रेस सेवा के तौर पर संचालित की जायेंगी। इनका विवरण निम्नानुसार है:–

**04321/04322 बरेली-देहरादून-बरेली परीक्षा विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04321 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04322 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 17:00 | बरेली | 04:00 | -- |
| 18:18 | 18:20 | रामपुर जं. | 05:03 | 05:05 |
| 19:05 | 19:10 | मुरादाबाद जं. | 04:20 | 04:25 |
| 19:55 | 20:00 | अमरोहा | 03:10 | 03:12 |
| 20:50 | 21:00 | गजरौला | 02:40 | 02:42 |
| 21:30 | 21:35 | मण्डी धनौरा | 01:45 | 01:47 |
| 22:05 | 22:10 | चाँदपुर सियाऊ | 01:10 | 01:12 |
| 22:40 | 22:45 | हल्दौर | 00:45 | 00:47 |
| 23:45 | 23:50 | बिजनौर | 00:20 | 00:22 |
| 00:25 | 00:30 | बसी किरतपुर | 23:42 | 23:44 |
| 01:00 | 01:30 | मुअज़्ज़मपुर नारायण | 23:00 | 23:30 |
| 02:10 | 02:15 | लक्सर जं. | 22:25 | 22:30 |
| 02:45 | 02:50 | हरिद्वार | 21:25 | 21:30 |
| 03:10 | 03:12 | रायवाला जं. | 20:35 | 20:40 |
| 04:15 | -- | देहरादून | --- | 19:00 |

**चलने के दिन: 04321 बरेली** से दिनांक 17.08.2025, 18.08.2025, 19.08.2025, 20.08.2025, 21.08.2025, 27.08.2025, 28.08.2025, 31.08.2025, 01.09.2025, 02.09.2025, 03.09.2025, 07.09.2025, 08.09.2025 को **और 04322 देहरादून** से दिनांक 18.08.2025, 19.08.2025, 20.08.2025, 21.08.2025, 22.08.25, 28.08.2025, 29.08.2025, 01.09.2025, 02.09.2025, 03.09.2025, 04.09.2025, 08.09.2025, 09.09.2025 तक। **स्थान:** सामान्य

**04323/04324 बरेली-मुरादाबाद-बरेली एमइएमयू विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04323 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04324 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:30 | बरेली | 23:00 | -- |
| 06:04 | 06:06 | बशारतगंज | 21:03 | 21:05 |
| 06:32 | 06:34 | आँवला | 20:42 | 20:44 |
| 06:52 | 06:54 | करेंगी | 20:20 | 20:22 |
| 07:02 | 07:04 | दबतरा | 20:09 | 20:11 |
| 07:30 | 07:32 | आसफपुर | 19:51 | 19:53 |
| 07:45 | 07:47 | सिसरका | 19:41 | 19:43 |
| 08:40 | 09:05 | चन्दौसी जं. | 19:29 | 19:31 |
| 09:15 | 09:17 | गुमथल | 19:17 | 19:19 |
| 09:32 | 09:34 | जरगाँव | 19:00 | 19:02 |
| 09:50 | 09:52 | राजा का सहसपुर | 18:48 | 18:50 |
| 10:08 | 10:10 | कुन्दरकी | 18:20 | 18:22 |
| 10:28 | 10:30 | मछरिया | 18:00 | 18:02 |
| 11:30 | -- | मुरादाबाद | --- | 17:45 |

**चलने के दिन: 04323 बरेली से और 04324 मुरादाबाद से** दिनांक 17.08.2025 से 09.09.2025 तक। **स्थान:** सामान्य

उपरोक्त विशेष रेलगाड़ियों के संचालन के साथ–साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों में अतिरिक्त डिब्बे जोड़कर उनकी यात्री वहन क्षमता में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**17.08.2025 से 09.09.2025 तक रेलगाड़ियों के कोचों में वृद्धि**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | कोचों में वृद्धि | स्थान/लोड | |
|---|---|---|---|
| | | वर्तमान | प्रस्तावित |
| 54463/64 ऋषिकेश–चन्दौसी–ऋषिकेश | 03 सामान्य | 10 | 13 |
| 54351/52/53/54 बरेली–अलीगढ़ जं.–बरेली | 02 सामान्य | 13 | 15 |
| 54383/82 नजीबाबाद जं.–गजरौला–नजीबाबाद जं. | 01 सामान्य | 10 | 11 |
| 54391/92 गजरौला–अलीगढ़ जं.–गजरौला | 01 सामान्य | 10 | 11 |
| 54395/96 नजीबाबाद जं.–मुरादाबाद–नजीबाबाद जं. | 01 सामान्य | 10 | 11 |
| 54395/96 देहरादून–सहारनपुर–देहरादून | 02 सामान्य | 13 | 15 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2509/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों की रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संजय सिंह गंग. वार राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिले उप्र सरकार, जिला. धिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, समाजसेवी श्री बाबू राम गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों की रैली में प्रतिभाग किया। रैली आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से प्रारम्भ होकर गॉधी स्टेडियम में समाप्त हुई। रैली में 30 से अधिक दिव्यांगजन मोटराईज्ड ट्राइसाईकिल व ट्राइसाईकिल के साथ मौजूद रहे। रैली में दिव्यांगजनों द्वारा बहुत ही उत्साह व उमंग के साथ प्रतिभाग किया। रैली में अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सुरेश कुमार मौर्य जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के एमआई/समन्वयक सुखबीर सिंह भदौरिया, जगन्नाथ चक्रवर्ती, तनु मिश्रा, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## सपा नेता राजकुमार ने आवास पर ध्वजारोहण कर मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार "राजू" ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने आवास पर सपा के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं एवं समर्थको के साथ तिरंगा फहराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वाधीनता सेनानियों को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के उन सभी महान सेनानियों को नमन किया, जिनके त्याग, बलिदान और संघर्षों के परिणामस्वरूप देश को सदियों की गुलामी से मुक्ति मिली। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव सपा नेता राज. कुमार "राजू" ने अपने संबोधन में कहा कि "यह स्वतंत्रता केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है। पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव एवं पूर्व विधायक अरशद खा ने अपने सम्बोधन मे कहा की "देश की आजादी असंख्य क्रांतिकारियों के त्याग और संघर्ष का परिणाम है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सपा नेता कौशल वाजपेयी, ओम शर्मा, मीता सिंह, मीनू शर्मा, अनिल शर्मा, तौफीक खा, संजय खा, इमरान खा, वीणू भारती, आदर्श पाण्डेय सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## बीवी के अफेयर के चलते पति ने दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार को खुर्जा कोतवाली नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले युवक ने वीडियो बनाकर पत्नी और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक की पहचान 29 वर्षीय सोहित के रूप में हुई है। युवक समाजवादी पार्टी की अंबेडकर वाहिनी का प्रदेश सचिव बताया जा रहा है।

घटना खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के नेहरुपुर का है। सपा की अंबेडकर वाहिनी का प्रदेश सचिव सोहित ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानक. ारी के मुताबिक चार साल पहले उसने हजरतपुर की रहने वाली युवती संग लव मैरिज की थी। सो. हित ने खुदकुशी करने से पहले एक वीडियो बनाया। जिसमें उसने बीवी और ससुराल वालों पर मान. सिक शोषण के आरोप लगाए।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# रेलवे स्टेशन पर 120 यात्रियों से वसूले 59 हजार

**कोसीकलां।** रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। 3 ट्रेनों में चेकिंग की गई और बिना टिकट यात्रा करने वाले, जनरल टिकट लेकर आरक्षित बोगियों में यात्रा करने वाले व वेटिंग टिकट पर यात्रा करने वाले लोगों से 59 हजार 685 रूपये जुर्माना वसूला गया। मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री गगन गोयल के निर्देशानुसार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ह्रषिकेश मौर्य के निर्देशन में स्टेशन पर बिना टिकटध्अनियमित यात्राधबिना बुक सामान ले जाने वाले यात्रियों के विरुद्ध विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया।


## कार्यालय जिला क्षय रोग अधिकारी, बदायूं।

पत्रांक- डी०टी०सी०/स्व०दि०/विज्ञा०/25-26/91 | दिनांक: 13.08.2025

### पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम बदायूं।

**टी०बी० (क्षय) रोग के लक्षण**

1- दो सप्ताह या उससे अधिक समय से लगातार खांसी का आना।

2- खांसी के साथ बलगम में खून का आना।

3- नियमित बुखार विशेष रूप से शाम को बढ़ने वाला।

4- भूख कम लगना एवं वजन का घटना।

5- प्रभावित अंग के अनुसार अन्य लक्षण।

6- इलाज को बीच में छोड़ने पर खतरनाक एम.डी.आर. टी.बी. के होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

7- एम.डी.आर. मरीजों की जांच की सुविधा जिला क्षय रोग केन्द्र बदायूं पर सी.बी. नॉट (जीन एक्सर्ट) मशीन द्वारा जांच नि:शुल्क उपलब्ध है।

8- टी.बी. को फैलने से रोकने के लिए टी.बी. के मरीज खांसते व छींकते समय मुंह पर कपड़ा अवश्य रखें।

**बलगम जांच निम्नलिखित स्वास्थ्य केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध है।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सहसवान | बिसौली | सैदपुर | दातागंज | ककराला | बिल्सी |
| नाधा | आसफपुर | लाही | हतरतपुर | उसैहत | खितौरा |
| दहगवां | वजीरगंज | बिनावर | म्यायूं | कटरा सहादतगंज | जिला क्षय रोग केन्द्र बदायूं |
| कछला | बैहटा गोसाई | समरेर | उसावा | कादचौक | राजकीय मेडीकल कॉलेज बदायूं |
| उझानी | बगरैन | जगत | अलापुर | इस्लामनगर | |

जिला क्षय रोग अधिकारी बदायूं। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं। | जिला अधिकारी बदायूं।

# जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## मसवासी सहित क्षेत्र में भर में रही स्वतंत्रा दिवस की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नगर पंचायत को स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर दुल्हन की तरह सजाया गया नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन दिनेश गोयल ने ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर राष्ट्रगान भी गया गया इस मौके पर ई ओ सचिन कुमार लेखा लिपिक अमित चंद्रा नवनीत नरेश सचिन ,राहुल, राजीव कुमार शर्मा, हरबन्स सागर, सभासद बृजनंदन सागर कुलदीप कुमार भगवती देवल जितेंद्र चंद्रा सोमपाल सागर, जमील अहमद, पूर्व चेयरमैन रघुवीर सिंह आर्य सचिन कुमार तथा सभी सभासद गण तथा गणमान्य नागरिक तथा महिलाएं उपस्थित रहे। वही नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस दौरान सभा को भी संबोधित किया ओर आजादी का महत्व को समझाया सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में सभापती राजेन्द्र कुमार सक्सेना द्वारा ध्वजारोहण किया गया नगर में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तथा देशभक्ति गीतों के साथ सभी बच्चे हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति गीतों को गाते हुए चल रहे थे जिसे नगर वासियों ने बड़े ही उत्साह से देखा इस मौके पर सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओ ने देश भगती गीत नाटक व नृत्य प्रस्तुत किये जिसने सभी को भाव विभोर किया इस मौके पर सभा पती राजेंद्र कुमार सक्सेना ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज का दिन हमे उन वीर योद्धाओं की याद दिलाता है जिन्होने अपनी जानकी परवहा किये बिना देश को आजाद कराने मे एहम भूमिका निभाई हमे उनकी कुर्बानियों का हमेशा सम्मान करना चाहिए वही अन्त मे प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय प्रकाश दीक्षित ने सभी का धन्यवाद करते हुए स्वतन्त्रा दीवस की शुभकामनाए दी इस दौरान पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य पूर्व चेयरमैन रघुवीर सिंहआर्य, ,देवेंद्र कुमार गोयल ,शिशुपाल चौहान, मिठाई लाल करुणा चौहान गणेश दत्त जोशी, विकास देवल सूरज सिंह, देवेंद्र वर्मा, आदि शामिल रहे ।वही वतन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल मे प्रधानाचार्य इस्लाम अली ने झंडा फहराया वही मझरा खुशहालपुर के प्रधान साजिद अंसारी ने ,मानपुर उत्तरी मे प्रधान साजिद अली ने, मोती पुरा खोद मे प्रधान हामिद अंसारी, आर सल पार्सल मे प्रधान फारूक अली अंसारी ने, झंडा फहराया मदरसा दरसुल ऊलूम मे सेकेट्री मास्टर मोहम्मद अय्यूब ने झंडा फहराया तथा नगर एवं क्षेत्र के अनेक शिक्षण संस्थान एवं दफ्तरो मैं ध्वजारोहण किया गया तथा धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । इसके अलावा पुलिस चौकी मसवासी में चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।





## विधायक व पालिकाध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधायक शफीक अहमद अंसारी ने नगर पालिका परिषद में ध्वजारोहण किया इस दौरान उनकी पत्नी पालिका अध्यक्ष रेशमा परवीन भी मौजूद रही।

इस दौरान राष्ट्रगान हुआ शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया बाद में विधायक शफीक अहमद अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के हमारा देश आजाद हुआ था हमें अपने संविधान की रक्षा करनी चाहिए।

उन्होंने देश के शहीद हुए लोगो के अमर शहीद हैं जिन्होंने देश के लिए कुर्बानियां दी है उन्हें हमे कभी नही भूलना चाहिए। उधर तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी अमन दयोल ने तहसील प्रशासन के साथ ध्वजारोहण किया। इस राष्टीय गीत गाया गया।

स्वार अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी डॉ अजीम अहमद ने ध्वजारोहण किया, इस दौरान सभासदों अनीस अहमद,अकील खां, अकील अंसारी, नसीर अहमद अंसारी, इस्लाम अंसारी, जमील अहमद, बंटी, हामिद अल्वी, इरफान अल्वी, विधायक सलाहकार दीपक नागर, नाहिद खां, शफीक बाबू, राशिद अंसारी, शारिक अंसारी व तहसील में तहसीदार कानूनगो जहीन आलम खां, रियाज अहमद, अब्दुल सरूर, कुलदीप भटनागर आदि लोग मौजूद रहे।



## सपाइयों ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के कैंप कार्यालय में 15 अगस्त के अवसर पर झंडा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी महबूब पाशा एडवोकेट ने देश को आजाद कराने वाले वीर सपूत स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया और कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश आजाद करने के लिए अपने देश के बच्चों के भविष्य के लिए अपनी कुर्बानी दी थी देश कभी भी महान सपूत स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को नहीं भूलेगा। हमारे देश को आजाद हुए 78 वर्ष हो गए अब हमें अपने देश को विकासशील देशों में शामिल करने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका रामपुर प्रति. निधि डॉक्टर अब्दुल सलाम और नगर पालिका बिलासपुर के प्रतिनिधि अतहर खान, राम बहादुर दिवाकर, नरेश यादव, हाफिज नूरी, आसिफ अली, जमील सैफी, अब्दुल्ला, डॉक्टर इंतजार, डॉक्टर मकतूब अहमद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## टाण्डा में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरक. ारी व अर्ध सरकारी कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया।स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।नगरपालिका कार्यालय पर पालि. काध्यक्ष साहिबा सरफराज ने ध्वजारोहण किया। पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और ईओ वंदना शर्मा ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। पालिकाध्यक्ष ने नगर में तेजी से हो रहे विकास कार्यों का वर्णन किया।

इससे पूर्व सभासद एम सगीर ने कहा कि खुशी है कि नगर में ढाई साल के बाद विकास कार्य शुरू हो गए हैं,लेकिन जिस गति के साथ विकास पहिया दौड़ना चाहिए था,वह नहीं हुआ। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि सभासद ह वक्त आप से नहीं मिल सकते, हम अपनी समस्या व्हाट्सएप के जरिये आपको अगवत करवा सकते हैं। जिस पर आपको समाधान के सम्बंध में जबाब देना चाहिए।

इस अवसर पर अध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती और जेई अभिनेष तिवारी सहित सभासद तस्लीम पहलवान, मतलूब मुन्ना, शिवप्रसाद,मोहम्मद शफीक,महमूद नायक और नेता अफसर आदि मौजूद रहे।

नगरपालिका कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और ईओ वंदना शर्मा ने झंडा चौक पर वृक्षारोपण किया गया।अधिशासी अधिकारी ने मनसब अली स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां स्टेडियम में लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

उधर तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर ने ध्वजारोहण किया।उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए बलिदान देने वाले सपूतों को याद करते हुए स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला।लेखपाल सहित सभी राजस्व कर्मियों को अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन करने के निर्देश दिए।उधर व्यापार मंडल के कार्यलय पर भी व्यापार मंडल के पद अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया

इस अवसर पर तहसीलदार निश्चय कुमार,नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित,अमित कुमार और लेखपालों सहित भाकियू के नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला,जिला सचिव साबिर अली,रफीक,फरीद खां, हसीन खां, हसीब, नजाकत अली, वारिस चौधरी, फिरासत अली गामा, जावेद, इंतिजार अली और हसीब,व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी शकील, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुशर्रफ अली, आशीष वर्मा, अब्दुल समद, वकील एडवोकेट, सलीम कसगर, अब्दुल रशीद, तसलीम, हाजी बहाब, विनोद कुमार वर्मा, जफरयाब, मोहम्मद उस्मान, आदि मौजूद रहे।





## भाकियू (इंडिया) ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्टीय अध्यक्ष पहलवान मुनेंद्र गुर्जर के दिशा निर्देश अनुसार जिला अध्यक्ष बाबू अली के नेतृत्व में एवं उनकी पूरी टीम ने मिलकर 15 अगस्त के मौके पर अने. कों कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके अंतर्गत ध्वजारोहण कार्यालय भाकियू (इंडिया) पर, कामयाब तिरंगा रैली और इसके साथख़साथ काशीपुर गांव भेंट कि गई और वहां विद्यालय में मुख्य अतिथि कि भूमिका पर अनेकों कार्यक्रम में उपस्थित दर्ज कि और वृक्षारोपण उनका खास विषय था जिसके अन्तर्गत 300 पौधों का वितरण सफलता पूर्वक बच्चों को करा गया और यह टार्गेट दिया गया इसके साथ साथ झंडा आरोहण राष्ट्रीय गान कराया गया।

जिला अध्यक्ष बाबू अली ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया और यह संदेश दिया कि इसी तरह कारवां को आगे बढ़ाने का काम जारी रखा जायेगा और ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को भकियू (इंडिया) से जोड़ा जाएगा।




## नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस जिले भर में धूमधाम से मनाया गया जिसमें सरकारी तथा गैर सरकारी विभागों, स्कूल, कॉलेजों में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही।

इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी स्वतंत्रता दिवस अपने अपने अंदाज में मनाया रामपुर के पीपल वाला घेर निवासी अब्दुल रऊफ के पुत्र मो. जरियाब तथा आवास विकास नूर महल कॉलोनी स्थित बब्लू की बेटी सिदरा हसीब ने भी आजादी का जश्न मनाया।

इस दौरान उनके परिजनों ने भी बच्चों का सहयोग किया।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में परंपरागत रूप से ध्वजारोहण किया।

इस दौरान विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान और देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि देश को आजादी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के परिणामस्वरूप मिली है, जिसे हमें हमेशा संजोकर रखना है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने कर्म एवं आचरण से देश की प्रगति में योगदान दे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त भारत का निर्माण करे। उन्होंने कहा कि देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए आवश्यक है कि जो जिस पद पर कार्यरत है वह स्वयं की जिम्मेदारी सही ढ़ंग से निभाये और आम जनमानस की समस्याओं को गम्भीरता से सुने व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।



## स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में डा.चन्द्रप्रकाश शर्मा राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर्स द्वारा संचालित वाई.एस.एस. फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली के दिल कनॉट प्लेस के एनडीएमसी के सम्मेलन केंद्र में रामपुर जनपद के मिलक निवासी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा को समाज हित में किया जा रहे वैज्ञानिकता से ओतप्रोत उत्कृष्ट साहित्य सृजन हेतु राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से रिटायर्ड आर्मी ऑफीसर्स ने मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। देश की 100 महान विभूतियों को अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों हेतु इस पुरस्कार से विभूषित किया गया।

उद्घोषिका द्वारा मंच से घोषणा की गयी कि डॉक्टर चंद्र प्रकाश शर्मा जिनका लेखन विश्व के महान नेता तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रशंसित किया गया है तथा जिनके सम्पादकीय लेखों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण ष्क्योंष के भाव का विवेचन करते हुए आध्यात्मिक व दार्शनिक विचारों का गंभीर चिंतन अभिव्यक्त होता है जो वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं, के साथ रेडियो वार्ताकार, दूरदर्शन कवि, शोध लेखक तथा 6 पुस्तकों के रचयिता को साहित्य जगत में उनकी उल्लेखनीय व उत्कृष्ट सेवाओं हेतु प्रदान किया जा रहा है।

डॉक्टर चंद्र प्रकाश शर्मा को यह पुरस्कार कैप्टन रामचंद्र पाठक ,कैप्टन कर्मपाल सिंह, मेजर पीके सक्सेना, मेजर बीके सक्सेना, मुकेश कुमार, सर्वेश जी सभी सेवा निवृत्त सैन्य अधिकारियों द्वारा प्रदत्त कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के अमन दीप सारण, महाराष्ट्र के प्रमोद एम.गुप्ता, राजस्थान के वैद्य श्यामसुंदर पारीक, उड़ीसा के डॉ. ए.के. पटेल आदि से भेंट और चर्चा हुई।



## व्यापारियों ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से प्रारंभ होकर बापू मॉल , मिस्टनगंज चौराहा, अनाज मंडी चौराहा से होकर गांधी समाधि पर तिरंगा यात्रा संपन्न हुई। इसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के निर्देशन में तिरंगा यात्रा संपन्न हुई और कहा कि यह तिरंगा पर्व है और हम इसे हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। साथ ही हमने ध्वजारोहण अपने कार्यालय पर करके तिरंगा रैली का शुभारंभ किया है। इस तिरंगा रैली में हजारों की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी शामिल हुए हैं रामपुर की सड़कों पर तिरंगा यात्रा निकालकर एकता एवं भाईचारे के मिसाल कायम की है ।सभी व्यापारी अपने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा को संपन्न करायेंगे। इस तिरंगा यात्रा में जगह-जगह चौराहा पर व्यापारियों ने संदीप अग्रवाल सोनी का फूल व माला डालकर स्वागत किया और व्यापारियों की रैली में मौजूद युवाओं पर भी फूलों वरसे स्वतंत्रता दिवस पर निकाली रैली को व्यापारियों की भीड़ ने आजादी के रंग में रंग कर देशभक्ति की भावना को दिखाया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, प्रदेश संगठन मंत्री फहीम अली, शाहाबाद अध्यक्ष अब्दुल समी, बिलासपुर नगर अध्यक्ष अनस खान, स्वार नगर अध्यक्ष अनवर अली, मिलक नगर अध्यक्ष राजू गुप्ता, भुवनेश्वर भार्गव, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल ,शीवू खान , दिलशाद अहमद, साहाब खान, शादाब खान, बाबू खान, शाहिद खान, प्रवीण गुर्जर मीडिया प्रभारी आदि सैकड़ो की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।



## तारीखी बन गया जिला अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को 79 वां स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम जिला अस्पताल रामपुर में कुछ अनोखे अंदाज में मनाया गया। ऐसा कार्यक्रम पहली बार जिला अस्पताल की तारीख में हुआ था जिसे देख कर सभी हैरत में थे।

सुबह सवेरे पहले सफाई अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम को जन गण मन अधिनायक से आरंभ किया गया। देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया गया। इस बीच सीएमएस डॉ डी के वर्मा कुछ भावुक हो गए। पहले मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा ने आजादी का अमृत महोत्सव 5 कबूतर और पांच चिड़ियों को आजाद किया। जिला अस्पताल परिसर में 5 हरे पेड़-पौधे लगाए,रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच प्रोगाम में बेहतर बनाने के लिए सीएमएस डॉ डी के वर्मा ने खुद 5 देशभक्ति के सुंदर गीत गाए और 5 महीनों में 5 बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मचारी मुजीब अहमद, रवि, विजय, राजीव कुमार और राजेश कुमार को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित करके भविष्य में मजीद अच्छे कार्य करने की सलाह दी।

इस खूबसूरत कार्यक्रम का संचालन हरीश धोनी ने किया। 8:00 बजे जिला अस्पताल रामपुर की खूबसूरत इमारत पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा जी ने ध्वजारोहण किया और झंडे को सलामी दी।

इस अवसर पर सीएमएस ने 250 से ज्यादा स्टाफ को खिताब करते हुए कहा कि आजादी एक बहुत बड़ी नेमत है। हमें खुशी है हम आज आजाद भारत का 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना रहे हैं, उन्होंने कहा हर मखलूक आजाद रहना पसंद करती है, आजादी के जशन के बीच आज हम ने 10 परिंदों को आसमान में उड़ा कर यह संदेश दिया है हर मखलूक आजाद रहना पसंद करती है तो इन पक्षियों को भी आजाद किया जाए।

सीएमएस डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि हिंदुस्तान को आजाद कराने में सभी ने अपना बलिदान दिया है जिसे हम भुला नहीं सकते। आज ही के दिन हमें अपने शहीदों को नमन करना चाहिए। पी एस एम कालेज की बच्चियों ने भी गीत-संगीत पेश किये।

आज सब से अहम बात यह भी रही जहा सभी को मिठाई बांटी गई वहीं सदर अस्पताल के सीएमएस डॉ डी के वर्मा की ओर से सभी भर्ती मरीजों और स्टाफ की तवाजों खीर और सिवई से की गई। आज दोपहर तक अस्पताल में जशन ए आजादी मनाई गई। इस कार्यक्रम में बिजेंदर सिंग, सौरभ पांडे, अनुभव सहित सभी स्टाफ और मीडिया कर्मी मौजूद थे



## रालोद कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के अल्पसंख्यक जिला कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष फैयाज हसन गुड्डू संचालन प्रदेश महासचिव रोहि. हलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बोलते हुए मोहम्मद उस्मान ने कहा कि देश की आजादी हमारे वीर जवानों ने कराई थी जिनका बलिदान हम कभी भुला नहीं सकते वही जिला अध्यक्ष फैयाज हसन गुड्डू ने कहा कि देश को आजाद करने में जितने महापुरुषों का बलिदान हुआ है। उन्हें शत-शत नमन क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एडवोकेट शशी वाला ने भी कार्यक्रम में बोलते हुए आजादी के महापुरुषों के बलिदान को याद किया उनके पति सुरेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव फिरोज आलम, क्षेत्रीय महासचिव महफूज खान, मीडिया प्रभारी प्रदेश महासि. चव मुनाजिर हुसैन, नगर अध्यक्ष मंजू खान, मंडल अध्यक्ष तराना बेगम, मो. हसिन, शकील सैफी, नाजिया खान, क्षेत्रीय महासचिव नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सायमा, कमर खान, फुरकान अली, मुस्तकीम, गुलवेज, फरीद, रिजवान अली, कलावती, मनजीत कौर, इमरान खान आदि शामिल रहे।



# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यमंत्री ने गांधी समाधि स्थल पर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में गांधी समाधि स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

राज्यमंत्री ने जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जो. गिंदर सिंह सहित अन्य जनप्रति. निधियों व अधिकारियों के साथ ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांज. लि अर्पित किया और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र छात्राओं, अभिभावकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने देश के वीर अमर बलिदानियों को स्मरण करते हुए कहा की उनके शौर्य, बलिदान और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम राष्ट्रीय हितों को प्रमुखता दें और राष्ट्र की गरिमा, सम्मान और गौरव को अक्षुण्ण बनाये रखें।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त का दिन सभी भारतीयों के लिए गौरव का दिन है। आज हम सब देशवासी मौलिक अधिकारों, न्याय और समता से युक्त जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

देश की स्वतंत्रता को हासिल करने में अमर शहीदों के पराक्रम, शौर्य और संघर्ष को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के कमजोर वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है, जिसके लिए केंद्र व राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं का संच. ालन कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि अमर शहीदों के बलिदान को याद करने के लिए राष्ट्रीय पर्व मनाये जाते हैं। हम अपने परिवार, समाज, जनपद के साथ-साथ देश के लिए भी लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपने उद्देश्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि एकता का संदेश समाज को देना भी हमारे राष्ट्रीय पर्व हमें सिखाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने क्रॉस कंट्री रेस व प्रभात फेरी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों व विद्यालयों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक व छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# आई आई ए रामपुर चैप्टर में शपथ ग्रहण समारोह

**■ जी एस टी में महत्वपूर्ण परिवर्तन प्रस्तावित: आकाश सक्सेना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आई आई ए एवं अन्य प्रमुख व्यापारिक संस्थानों द्वारा भारत सरकार के संज्ञान में इसकी विसंगतियां लाये जाने के बाद एवं जी एस टी से उद्योग व्यापार को होने वाली परेशानियों को देखते हुए भारत सरकार शीघ्र ही जी एस टी में बड़े परिवर्तन लाकर देश के उद्यमिओं व्यापारियों को शीघ्र ही बड़ा तोहफा दे सकती है। इस पर देश के आर्थिक सलाहकार काम कर रहे है। सरकार के संज्ञान में भ्रष्टाचार की शिकायतें भी आई है जिस पर कदम कड़े कदम उठाये जाएंगे ,यह विचार आज नगर विधायक आकाश सक्सेना ने होटल रेडिएन्स पार्क में आयोजित आई आई ए रामपुर के नव घोषित चेयरमैन श्रीष गुप्ता एवं उनकी टीम के शपथ ग्रहण समारोह में व्यक्त किये। नगर विधायक ने आश्वस्त किया कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी उद्यमियों एवं व्यापारियों के हितों की रक्षा ,सुरक्षा, नियम कानूनों के सरलीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है।




# स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर क्रास कंट्री रेस का आयोजन, विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर 05 किमी. ओपेन पुरुष वर्ग व 03 किमी. महिला वर्ग क्रास कंट्री रेस का आयोजन प्रात: 6:00 बजे किया गया। पुरुष वर्ग में दौड़ गाँधी समाधि से प्रारम्भ होकर स्वार रोड से मोरी गेट तक जाकर पुन: स्वार रोड से वापस होते हुए गाँधी समाधि पर समाप्त हुई। महिला वर्ग में दौड़ 03 किलोमीटर प्रात: 6:00 बजे गाँधी समाधि से प्रारम्भ होकर स्वार रोड से फिजीकल कालेज चौराहे से पुन: स्वार रोड से वापस होते हुए गाँधी समाधि पर समाप्त हुई।



क्रॉस कंट्री रेस का शुभारंभ प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी सन्तोष कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें राजकीय बाकर इंटर कॉलेज स्कूल, सेन्टमेरी स्कूल, राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज स्कूल, जैन इंटर कॉलेज स्कूल, आईडेन्टिटी स्कूल, पं. दीनदयाल इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज पटवाई व अन्य स्कूलों एवं संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। जहाँ पुरूष वर्ग में 80 एवं महिल वर्ग में 60 कुल 140 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में पहला स्थान दीपक, काजीपुरा, दूसरा स्थान कपिल, पसियापुरा, तीसरा स्थान लक्ष्यवीर, खमरिया, चौथा स्थान नेकपाल, जैन इ. कॉ. रामपुर, पांचवा स्थान राहुल, राजकीय इंटर कॉ. पटवाई, छठा स्थान विजेन्द्र सिंह, मानकपुर, बंजरिया ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार महिला वर्ग में पहला स्थान छवि, मुर्तजा इण्टर कॉलेज, दूसरा स्थान आयुषी, हाथी खाना, तीसरा स्थान निविता, बमनपुरी, चौथा स्थान रोशनी, बमनपुरी, पांचवा स्थान रोशनी, पं. दीनदयाल स्कूल और छठा स्थान ममता, सनैया जट को मिला।

विजेता खिलाड़ियों को कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान राज्य मंत्री, बलदेव सिंह औलख, शहर विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया।

# हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाला गया चैहुल्लम पर ताजियों का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर /रामपुर।** इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के नबासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में आज चौहुल्लम के मौके पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ताजियों का जुलूस निकल गया बीती रात्रि में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में ताजियों की गस्त कर जुलूस निकाले गए। शुक्रवार को अपराहन 3:00 बजे से नगर के खौद स्थित मंगल की बाजार में ताजियों को लेकर क्षेत्र के अजादार जूलूस की शक्ल में पहुंचे तथा अजादारी पेश की।



जिसमें क्षेत्र के खौद, सींगनखेड़ा, हकीमगंज, मिलक बहादुरगंज, आंगा से ताजियों के जूलूस निकाले गए जो शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए। इस दौरान पप्पू राजा, वासिक अली, अय्यूब अली, जाबिर अली, मुसब्बिर अली, फरमान हाफिज, आसिफ अली आदि शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहा।

# युवती के सम्मान पर हमला, ब्लैकमेलिंग और धमकी का मामला, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** क्षेत्र की एक युवती के सम्मान के साथ खिलवाड़ और ब्लैकमेलिंग का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि एक दबंग व्यक्ति और उसके साथी लगातार उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचा रहे हैं। यह शख्स न केवल पीड़िता के खिलाफ अश्लील अफवाहें फैला रहा है, बल्कि उसकी सगाई की बात होने पर संबंधित परिवारों को धमकाकर रिश्ते तुड़वाने की कोशिश करता है। पीड़िता, जो जनपद न्यायालय में वकालत का कार्य करती है, पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे ब्लैकमेल करने के लिए कथित वीडियो का सहारा ले रहा है। इस डर से वह न्यायालय जाने में भी असुरक्षित महसूस करती है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी के साथ कुछ अन्य लोग भी इस गलत कार्य में उसका साथ दे रहे हैं। ये सभी कथित तौर पर असामाजिक तत्व हैं, जो क्षेत्र में दहशत फैलाने का काम करते हैं। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली पूर्व विधायक का फूल मालाएं पहना कर किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर में महाभारत कालीन प्राचीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम पर बरेली पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल अपने काफिले के साथ पहुंचेने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा माल्यार्पण कर किया।

भव्य स्वागत वहीं धाम पर पहुंचकर सर्व प्रथम आचार्य कौशल मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना कर चल रही रासलीला के मंच पर पहुंचकर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल ने हिंदू समाज से धाम पर चल रहे गुरुकुल में अपने बच्चों को संस्कार व शास्त्रों का ज्ञान अर्जित करने हेतु भेजने को कहा और छुट्टा घूम रही गायों को पालने की भी अपील की पूर्व विधायक नगर निवासी पंकज शर्मा सभासदपति के घर पहुंचे फिर वहीं से बेरुआ निवासी राजीव शर्मा के आवास पर पहुंचे और फिर वही से अपने स्थान पर रवाना हो गए।



वहीं गुरुकुल के संस्थापक आचार्य विवेक वशिष्ठ ने बताया कि गुरुकुल में छात्रों को निशुल्क शिक्षा भोजन रहना सहना बिल्कुल नि:शुल्क है जिसमें छात्रों को संस्कार,वेद शास्त्रों का ज्ञान अर्जित कराया जाता है तथा जिसमें उपस्थित रवि शर्मा , विवेक पांडे, मोनी पांडे, प्रमोद शर्मा, पंकज शर्मा, सुनील शर्मा, राजीव पांडे, प्रवीण कुमार जोशी, ब्रजेश जोशी, शिवअवतार प्रधान,शोभित शर्मा, जितेंद्र जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को दी सलामी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** शुक्रवार को दीक्षा गंगवार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिलक एवं कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार समाजसेवी भाजपा नेता ने नगर पालिका परिषद परिसर में अपने नगरवासियों एवं समस्त स्टाफ के साथ ध्वजारोहण किया एवं मिष्ठान वितारित किया। इसके उपरांत रैली के माध्यम से अंबेडकर पार्क पर पहुंचकर बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण किया एवं उसके बाद पटेल पार्क में सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर मालार्पण किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, लिपिक गौरव कुमार, सभासद भूकन लाल राठौर, सरनाम सिंह, चंद्रभान मित्तल, बसंत कुमार एडवोकेट, सभासद अमरजीत सिंह, शांति स्वरूप गंगवार, इंद्र सहाय, प्रेम शंकर पांडे, मनोज पांडे, नन्हे राम पांडे, जगदीश रोहिल्ला, दिनेश माहेश्वरी, भगवान दास रस्तोगी रामनंदन शर्मा सुशील अग्रवाल एडवोकेट प्रदीप सिंघल राधेश्याम गंगवार विवेक गुप्ता।

# जन्माष्टमी के उपलक्ष में नगर सहित क्षेत्र में निकाली शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बिजारखाता से कृष्णजन्माष्टमी के उपलक्ष में शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया, शोभायात्रा का शुभारंभ चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला ने फीता काटकर किया शोभायात्रा मे झाकियो ने लोगो का मन मोहलिया शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया शोभायात्रा निकालने में ललित मौर्य, आकाश मौर्य, संजय कश्यप, सूरज मौर्य, कपिल कश्यप, सचिन मौर्य, विशाल वर्मा, मोनू कश्यप प्रशांत मौर्य, विकास मौर्य, विजय पासी, अनुज मौर्य, मुकेश कश्यप, उमंग चंद्रा, अरुण कश्यप, अर्जुन गुप्ता अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड स्वार ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।



यात्रा ग्राम बिजारखाते से प्रारंभ होकर मसवासी, चाऊपुरा, भूबरा, मिलक, खोदकला, मोतीपुरा से होते हुए वापस शिव मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई।

शोभायात्रा में राधा कृष्ण जी, भगवान राम लक्ष्मण, शिव परिवार, देवकी वासुदेव जी आदि प्रस्तुत रही।

# जिला कारागार के बंदियों को व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने बांटे, फल और वस्त्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संरक्षित जेल मैनुअल के अंतर्गत कार्यरत उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के प्रांतीय सचिव जी के पाठक के करीब उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता ने उनके साथ जिला कारागार पहुंचकर कारागार में बंद कैदियों को फल, मिष्ठान, वस्त्र व अन्य खिलौनों का वितरण किया। जिला कारागार में 15 अगस्त के दिन चल रहे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर शाहबाद से पहुंचे जी के पाठक और मुकेश चंद्र गुप्ता ने बंदियों के साथ कारागार स्टाफ के व्यवहार की जमकर तारीफ की और कहा कि जिस प्रकार एक परिवार में बच्चों का पालन पोषण होता है उसी प्रकार कैदियों के सुधार का घर यह कारागार माना जाता है और इसमें परिवार की भांति व्यवहार को कैदियों में शीघ्र सुधार भी लाता है।




कारागार में ध्वजारोहण के पश्चात जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर सुनील कुमार व डॉक्टर उस्मान के साथ-साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा परेड की सलामी हुई। इस अवसर पर अपराध निरोधक समिति द्वारा कारागार में महिला बंदियों के साथ निरुद्ध हो रहे बच्चों के लिए भी उपहार, हाइजीनिक किट प्रदान की गई। कारागार अधीक्षक द्वारा अपराध निरोधक समिति के प्रांतीय सचिव, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता व उनकी टीम का आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित की गई। उसके पश्चात समस्त स्टाफ व बंदियों के लिए लड्डू एवं विशिष्ट भोजन का भी वितरण हुआ। इस अवसर पर उप जेलर रुचि दिवाकर,सुनील कुमार ,कार्तिकेय दुबे, रणवीर सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सैफनी में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में शुक्रवार को 79वा स्वतंत्रता दिवस पर्व बड़े ही हर्षौल्लास से मनाया गया बताते चले कि स्वतंत्रता दिवस पर्व पर जनता इंटर कॉलेज,शांति देवी जूनियर हाई स्कूल,वारसी जूनियर हाई स्कूल,सरसैयद इंटर कॉलेज,इंट्रीग्रिल डिग्री कॉलेज, गोविंद इंटर कॉलेज,बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रथमा बैंक,जिला सहकारी समिति,नगर पंचायत कार्यालय सहित आदि स्थानों पर झंडा फहराकर राष्ट्रगान कर मिठाइयां वितरण की गई वही दूसरी ओर नगर में तिरंगा यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई बस स्टैंड अंबेडकर मूर्ति पर पहुंचकर यात्रा में शामिल सभी लोगों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर चेयरमैन फैजान खां व थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने किया तथा पंकज जोशी ने थाना प्रभारी व चेयरमैन को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया यात्रा में शामिल अरविंद जोशी,अरविंद मौर्य,रियाज अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे और पुलिस फोर्स भी तिरंगा यात्रा में शामिल रही।



# सैफनी नगर में नोडल अधिकारी ने जनता हेल्थकेयर अस्पताल किया सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** शनिवार को नगर में नोडल अधिकारी द्वारा जनता हेल्थकेयर अस्पताल को सीज करने की कार्रवाई की गई है।

यह कार्रवाई अस्पताल के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अस्पताल बिना डिग्री के चल रहा था। नोडल अधिकारी ने अस्पताल के कागजों की जांच की और पाया कि अस्पताल के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं थे।

इसके बाद अस्पताल को सीज कर दिया गया और मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य आम जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है, क्योंकि बिना लाइसेंस या बिना डिग्री के चलने वाले अस्पताल मरीजों के लिए खतरनाक हो सकते हैं।



उत्तर प्रदेश सरकार ने इस तरह के अवैध अस्पतालों के खिलाफ कई बार कार्रवाई की है, ताकि लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। नगर में नए नए बिना डिग्री के अस्पताल खुल रहे हैं। जो भोली भाली जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलबाड़ कर रहे हे आए दिन इन अस्पतालों पर किसी न किसी मरीज की मृत्यु होती रहती है स्वास्थ्य विभाग आंखें बंद किए बैठा है कोई हिम्मत कर शिकायत करता है तब कार्यवाही पर खाना पूर्ति की जाती है। खबर लिखे जाने तक जनता अस्पताल पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की प्रकिया चल रही थीं।

## धूमधाम के साथ मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

# कृष्ण अवतार रख बच्चों ने किया नृत्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शनिवार को शाहबाद क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों पर सजावट कर सुंदर सुंदर झाकियां निकाली गई। त्योहार उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

हर वर्ष भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। द्वापर में श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद की अष्ठमी तिथि (रोहिणी नक्षत्र और चन्द्रमा वृषभ राशि में) को मध्यरात्रि में हुआ। उनके जन्म लेते ही दिशाएं स्वच्छ व प्रसन्न और समस्त पृथ्वी मंगलमय हो गई थी। विष्णु के अवतार श्री कृष्ण के प्रकट होते ही जेल की कोठरी में प्रकाश फैल गया। कृष्ण के प्राकट्य से स्वर्ग में देवताओं की दुन्दुभियां अपने आप बज उठीं तथा सिद्ध और चारण भगवान के मंगलमय गुणों की स्तुति करने लगे। शास्त्रों में जन्माष्टमी के व्रत को एक हजार एकादशी व्रत के समान माना गया है।

जाप का अनन्त गुना फल देने वाला जन्माष्टमी के दिन ध्यान, जाप और रात्रि जागरण का विशेष महत्व है। इसलिए जन्माष्टमी की रात में जागरण करके भगवान के भजन कीर्तन करने चाहिए। भविष्य पुराण में इस व्रत के सन्दर्भ में उल्लेख है कि जिस घर में यह देवकी-व्रत किया जाता है वहां अकाल मृत्यु, गर्भपात, वैधव्य, दुर्भाग्य तथा कलह नहीं होती।



नगर के सभी क्षेत्रों में कृष्ण जन्माष्टमी बड़ी ही धूम धाम के साथ मनाई गई।


अलीगढ़ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर, रामपुर
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. आरिफ रसूल M.B.B.S/M.S.


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
वसी सैफी
जिलाध्यक्ष (रामपुर)
राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
मुस्तेजार अली
रोजगार सेवक


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
फरीद खां
मो० सईद
किसान अली (मामा)
नगर सचिव
मजहर अली उर्फ लाला
हसीन खां
नज़ाकत अली
मो० रफीक
वारिस चौधरी
भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) टाण्डा (रामपुर)


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
गौरव भटनागर
नगर पंचायत, सैफनी, रामपुर


समस्त देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
योगेश सैनी
रोहित सैनी


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
अमर पाल सिंह लोधी
जिलाध्यक्ष
हिन्दुस्तान पिछड़ा मोर्चा भारत जिलाध्यक्ष रामपुर


समस्त देशवासियों एवं ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
तारा परवीन
ग्राम प्रधान
मोनिका चौहान
सचिव
सौजन्य से:-
ग्राम पंचायत लोधीपुर नायक, विकास खण्ड-स्वार, रामपुर






समस्त क्षेत्रवासियों शिक्षकों, प्रबंधकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, किसान भाईयों एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. भूपेन्द्र सिंह
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा उ.प्र.
स. गुरेंद्र सिंह
ब्लाक प्रमुख, अमरोहा
स. हरेन्द्र सिंह ढिल्लो
जिला महामंत्री अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ
डॉ. हरि सिंह ढिल्लो
शिक्षक विधायक


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अब्दुल करीम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मिलक नोखरीद, विकास खण्ड स्वार, रामपुर




सैफनी भारत गैस एजेंसी की तरफ से सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
खालिद जमा खां उर्फ बब्बू
पूर्व प्रत्याशी विधानसभा बिलारी
डॉ. अताउर्रहमान (अलीग)
मो० : 9917056222


समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अनिकेत गंगवार
अधीक्षक
सी.एस.सी अमरिया


हर घर तिरंगा
अभियान
दिनांक - 13 से 15 अगस्त, 2025 तक
डॉ. अनुकृति चौधरी
अध्यक्ष
नगर पंचायत सैद नगली
अभिनव कौशिक
स्वच्छता प्रेरक
सैद नगली
सलिल भारद्वाज
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सैद नगली
डॉ. अनुकृति चौधरी
अध्यक्ष
नगर पंचायत सैद नगली
पुष्कर नाथ चौधरी
उपजिलाधिकारी
हसनपुर
गरिमा सिंह
अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)
जनपद- अमरोहा
निधि गुप्ता वत्स
जिलाधिकारी
जनपद- अमरोहा
समस्त सभासद गण
नगर पंचायत सैद नगली जनपद - अमरोहा

# बिसौली में पत्रकारों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार 15 अगस्त 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को स्थानीय एवं क्षेत्रीय पत्रकारों ने तिरंगा बाइक रैली निकाली। रैली की शुरुआत सुबह लोनिवि अतिथि गृह से हुई। मौसम साफ रहने से रैली का उत्साह दोगुना रहा। रैली एम.एफ. हाइवे से होते हुए अटल चौक पहुंची, जहां पत्रकारों ने देशभक्ति नारे लगाए और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद रैली बिल्सी रोड, बुधबाजार, मुख्य चौराहा, पुलिस चौकी होते हुए पुनः गेस्ट हाउस पहुंचकर सम्पन्न हुई। समापन पर राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार मुकेश वशिष्ठ ने सभी का आभार जताया। रैली में नगर के अलावा वजी. रगंज, उघैती, आसफपुर, फैजगंज बेहटा, दबतोरी, ओरछी, मुड़िया धुरेकी सहित विभिन्न क्षेत्रों के पत्रकार शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हाजी एम. सगीर, प्रमोद मिश्रा, सुधाकर शर्मा फौजी, चंद्रपाल शर्मा, सचिन जौहरी, हृदेश तिवारी, राजकुमार मौर्य, सुनील मिश्रा, विजय यादव, दानवीर सिंह, विपिन यादव, आईएम खान, पवन मिश्रा, दीपक ओरछी, प्रदीप पाल, कुलदीप ठाकुर, अभिषेक शर्मा, विनय मिश्रा, सर्वेश शर्मा, शिशुपाल सागर, मुनेन्द्र कुमार शर्मा,इसायत अली, आकिल अंसारी सहित तीन दर्जन से अधिक पत्रकार मौजूद रहे।



# स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ।** बीते शुक्रवार को आसफपुर क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थानों , सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । इस अवसर पर स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज के अध्यक्ष नत्थू लाल शर्मा ने कालेज के प्रधानाचार्य करतार सिंह , उपप्रधानाचार्य मनोज कुमार गंगवार , योगाचार्य निखिलेश कुमार पाठक के सहयोग से राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इस अवसर पर योग शिक्षक निखिलेश कुमार पाठक ने कालेज के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित स्वर्गीय त्रिवेणी सहाय ( दद्दा जी ) के व्यक्तित्व व कृतित्व पर संक्षिप्त प्रकाश डाला । इस दौरान विद्यालय में छात्र छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए । इसी क्रम में स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान परिसर में संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार , प्रेम सागर यादव के सहयोग से ध्वज फहराया और देश भक्ति नारों का उदघोष किया । इसी दौरान क्षेत्र के गांव सीकरी में स्थित नामचीन विद्यालय लाला छोटे लाल स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक अनूप कुमार पाराशरी ( कवि पंकज आसफपुर ) ने विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास चंद्र शर्मा व प्रबंधन समिति के सदस्य डॉक्टर मुनेंद्र कुमार शर्मा के सहयोग से राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इसके साथ ही स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर यहां के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हिमांशु कुमार ने समद अली , ओंकार सिंह , एच एल शर्मा , रमाकांत वार्ष्णेय , जहीन मिर्जा , वार्ड वाय अंकित कुमार , विकास यादव , विवेक कुमार के सहयोग से ध्वज फहराया । इसके साथ ही स्थानीय खंड विकास कार्यालय परिसर में स्थित शाहिद स्मारक पर यहां के प्रधान लिपिक , ए डी ओ पंचायत लोकमन सिंह , ए डी ओ आई एस बी भूपेंद्र सिंह , सचिव गजेंद्र पाल सिंह , विनेश कुमार , कपिल कुमार गौतम , धर्मवीर सिंह , अवधेश कुमार , बी एम एम अरुण कुमार , राजेश कुमार , वीरेश कुमार , विकास शर्मा वेद प्रकाश शर्मा ,भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष हंस मुखी मौर्य के सहयोग से यहां के ब्लॉक प्रमुख ओमकृष्ण ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इसी क्रम में स्थानीय मैं अनन्या फिलिंग स्टेशन के स्वामी अनूप कुमार पाराशरी ( कवि पंकज ) ने एडवोकेट अमित कुमार शर्मा व फर्म के अन्य कार्मिकों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इसके अलावा क्षेत्रीय गांव दबथरा में स्थित संवि. लियन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्वाति अग्रवाल , सहायक अध्यापक दिवा शंकर यादव सहित समस्त स्टाफ के सहयोग से यहां के ग्राम प्रधान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इसके अलावा स्थानीय खंड शिक्षा कार्यालय , विद्युत उपखंड कार्यालय , उप डाक घर , पंजाब नैशनल बैंक शाखा , जिला सहकारी बैंक शाखा , पंचायत भवन कार्यालय , बाल विकास परियोजना कार्यालय , पुलिस चौकी , राजकीय कृषि रक्षा इकाई केंद्र पर गोदाम प्रभारी मुक. ेश कुमार मिश्रा ने ध्वज फहराया । साथ ही क्षेत्र के गांव कौरेरा में संवि लियन विद्यालय के प्रधानाध्यापक कालीचरन यादव व ग्राम प्रधान मनोज कुमार यादव ( एडवोकेट ) ने ध्वज फहराया । इसके अलावा गांव नहडोली , सीकरी , श्यामपुर , मोहकमपुर , मलखानपुर , नरौरी - नरौरा , स्थानीय एम पी पब्लिक स्कूल , आदि जगहों से स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाने की खबरें मिली है।



# वजीरगंज में भाजपाईयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** देश के वीर शहीदों के सम्मान में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी द्वारा कस्बे के गंगा देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया भारतीय जनता पार्टी के नेता विश्वजीत गुप्ता और पार्टी जिला उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया शोभायात्रा का कस्बे में भ्रमण के दौरान लोगों ने फूल वर्षा कर स्वागत किया। कस्बे के गंगा देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से भाजापाईयों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा को भारतीय जनता पार्टी के नेता विश्वजीत गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया हाथों में तिरंगा झंडा लिए लोगों भारत माता की जय अमर शहीदों की जय के नारे गूंज रहें थे वहीं डीजे पर बज रहे देश भक्ति गीतों एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया जा रहा था। तिरंगा यात्रा हाईवे होती हुई मैन बाजार होली चौक आबला रोड के साथ-साथ नगर में भ्रमण करती हुई वापस सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जाकर समाप्त हुई तिरंगा यात्रा पर नगर वासियों ने जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राघव सिंह राहुल वार्ष्णेय जयपाल दिवाकर सदस्य जिला पंचायत अनुज सक्सेना पूर्व मंडल अध्यक्ष रिधिपताप प्रताप सिंह नरेश गुर्जर टीनू प्रताप सिंह उपेंद्र सिंह मौर्य आदि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता मौजूद है।



# नगर में निकाला गया मातमी जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मोहल्ला गदरपुरा से गमगीन माहौल में या हुसैन की याद में चेहल्लुम का मातमी जुलूस निकाला गया जो की नगर के मुस्लिम बहुल इलाकों में होते हुए सराय मोहल्ला से निकलकर ईदगाह कर्बला में जाकर या हुसैन की याद में चेहल्लुम का ताजिया सुर्पुदेखाक किया गया इस दौरान जुलूस मैं सुरक्षा के लिहाज से बिसौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा ।

# स्वतंत्रता दिवस के दिन नगर की चेयरपर्सन सीमा चौधरी रही गायब

**अंकित कुमार गुप्ता ,शाह टाइम्स**

**रुदायन।** आज नगर में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के महापर्व पर नगर पंचायत रुदायन में नगर की अध्यक्षा सीमा चौधरी रही गायब। आपको बताते चले ऐसे महापर्वो पर मौजूदा अध्यक्षा सीमा चौधरी उपस्थित नहीं रहती है। नगरवासियों का कहना है कि इतने बड़े पद पर विराजमान मौजूदा अध्यक्षा सीमा चौधरी को तो इस्तीफा दे देना चाहिए। एक तरफ हमारे भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जो कि दिल्ली के लालकिले पर तिरंगा फहराते है इधर नगर पंचायत रुदायन कि मौजूदा अध्यक्षा सीमा चौधरी हवा हवाई हो जाती है। नगरवासियों का कहना है कि अध्यक्षा पूरे एक साल से गायब है तो नगर पंचायत चला कौन रहा है जेठ, ससुर या रिश्तेदार ।




# कोतवाल ने लगाए पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** बिसौली रोड स्थित श्री पदम प्रभु अतिशय तीर्थ क्षेत्र पद्मांचल जैन मंदिर पर शुक्रवार की शाम अरिहंत वृक्षारोपण समिति के बैनर तले पर्यावरण मित्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आजकल, जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण, वनों की कटाई और प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। इससे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए, पौधरोपण करना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मंदिर परिसर में उन्होनें पौधे भी लगाएं। इस मौके पर प्रशांत जैन, भाजपा नगराध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी, राजीव कुमार, अवधेश पाराशर, देव ठाकुर, डॉ नीरज अग्निहोत्री, अमन गिरी, बबलू कुमार, वंश गिरी, गिरीश चंद्र शर्मा, केशव वार्ष्णेय, श्रीकृष्ण गुप्ता, विष्णु असावा, अनुज वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेय, मृगांक जैन आदि मौजूद रहे।

# गौवंशों की भूख के कारण हो रही मौत शव को सड़क पर फेंक रहे प्रधान

## गौशाला में 50 गौवंश कागजों में दर्ज,10-12 मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** ब्लॉक अम्बियापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरगनपुर की गौशाला में 50 गाय कागजों में दर्ज है ।

सूत्रों की माने तो इस गांव की गौशाला में 10-12 गाय मौजूद है उनकी भी हालत बेहद खराब है। हरगनपुर के ग्राम प्रधान की लापरवाही की वजह से गौशाला की गाय मरने के बाद सड़क पर फेंक दी जाती है। जिले में कई जगह गोवंशों की दुर्दशा का सिलसिला बदसूरत जारी है शहर की नगर पालिका से लेकर गांव देहात तक की गौशालाओं में गोवंशों की मौत हो रही है। जिस पर जिले के जिम्मेदार अधिकारी एक दूसरे अधिकारी टाल मटोल करके खामोश हो जाते हैं और गोवंशों की दुर्दशा हो रही है।

पशु प्रेमी प्रखर अग्रवाल ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत की गौशाला में प्रधान की हठधर्मिता की वजह से गौवंश को चारा भी नसीब नहीं हो रहा है। जिसकी वजह से गौवंशों की मौत हो रही ग्राम पंचायत हरगनपुर की गौशाला में 50 गाय कागजों में दर्ज है स्थिति यह हैं कि गौशाला में 10-12 गाय मौजूद है उनकी भी हालत बेहद खराब है ग्राम प्रधान गौवंशों को मरने के बाद सड़क पर फेंक देता है। जबकि डीएम, सीडीओ,इसकी शिकायत भी की है उसके बावजूद भी कोई अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहा है ग्राम प्रधान प्रशासन की आंखों में धूलझोंक कर लाखों रुपए का सरकार को चूना लगा रहा है।जिसका खामियाजा बेजुबानों को झेलना पड़ रहा है।



# एक नजर

## डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने देश के स्वतंत्रता दिवस की 78वी वर्षगांठ और 79वे स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शहीद स्थल पर जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने पुष्प चक्र व फूल अर्पित कर शहीदों को नमन किया व उनके



द्वारा किए गए बलिदानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। वही कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम व अन्य अधिकारियों ने जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी हुआ। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि देश को आजादी बड़े यत्नों, बलिदानों, संघर्षों व त्याग के बाद मिली है। भावी पीढ़ी को इसका महत्व समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी को इस अवसर पर जिन अमर शहीदों, क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया उनको नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता एक अधिकार के साथ एक दायित्व व कर्तव्य भी है भारतीय संविधान नें हमें मौलिक अधिकार दिए हैं वहीं दूसरी ओर मौलिक कर्तव्यों का भी बोध भी कराया है। सभी को अपने इन कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। राष्ट्रीज ध्वज के बीच बने चक्र के बारे में उन्होंने बताया कि चक्र धर्म चक्र है और जिसका रंग नीला है। वह हमें कर्तव्यों का पालन करने का बोध कराता है तथा निरंतर गतिमान रहने को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमें अमर शहीदों के सपनों का सपनों को भारत बनाने के लिए यह आवश्यक है कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है वह उसको पूरे मनोयोग, ईमानदारी, कर्मठता व निष्ठा के साथ निभाए। उन्होंने कहा कि जिस देश के नागरिक सजग होते हैं वह देश अजय होता है व तरक्की करता है। इससे पहले डीएम ने जिलाधिकारी आवास पर भी ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने उद्बोधन में अमर शहीदों को नमन किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेकाबू मोटर साइकिल खेत के चारों ओर लगी तार से टकराई

## मोटर साइकिल चालक की हालत गंभीर,एक युवक का कटा हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बिसौली - बीते दिन शुक्रवार को कोतवाली बिसौली क्षेत्र के हल्का नंबर एक के गांव दबथरा निवासी दो मोटर साइकिल चालक थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मो. हकमपुर से मुड़िया धुरेकी मार्ग पर स्थित मेंथा प्लांट के निकट एक किसान के खेत के चारों ओर लगी तार कसी से टकरा गए जिससे दोनों मोटर साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए । ग्रामीणों व राहगीरों की सूचना पर पहुंची इमरजेंसी एंबुलेंस चालक किशनवीर व ई एम टी गुड्डू ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायल मोटर साइकिल सवारों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर भर्ती कराया

जहां प्राथमिक उपचार चलते के दोनों युवकों की हालत गंभीर देखते डॉक्टरों की टीम ने जिला अस्पताल रैफर कर दिया । घटना की जानकारी मिलते ही घायल युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए । बुरी तरह से घायल दोनों युवक बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाजरत हैं । 12 वर्षीय घायल अजय पाल पुत्र रिंकू यादव व 15 वर्षीय बबलू पुत्र धनपाल सिंह यादव दोनों नाबालिग मोटर साइकिल सवार बिसौली थाना क्षेत्र के गांव दबथरा निवासी बताए जा रहे हैं । यह दर्द भरी घटना बीते शुक्रवार देर शाम की बताई जा रही है । पीड़ित पक्ष की ओर इस घटना से संबंधित देर शाम तक पुलिस को लिखा पढ़त में कोई इत्तिला नहीं दी है ।

# ट्रक ने गोवंश को कुचला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उसावां रोड़ पर एक दर्दनाक घटना सामने आई है शुक्रवार रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंडी समिति पुलिस चौकी के पास सड़क किनारे गोवंश को ट्रक ने कुचल दिया घटना का वीडियो सामने आया है वीडियो में दिख रहा है ।

कि गोवंश ट्रक के अगले पहिए से तो बच गया लेकिन पिछले पहिए के नीचे आकर कुचल गया हादसे के बाद तक चालक वाहन लेकर भाग रहा था तभी स्थानीय निवासी विशाल शर्मा और उनके साथियों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंचे पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ,दीपेश दिवाकर ने घायल गोवंश को इलाज के लिए ले गए लेकिन उसकी मौत हो गई। विकेंद्र शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। बताया जा रहा है ट्रक चालक पंजाब के रोपड़ जिले का निवासी तारसेम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह के खिलाफ केस के दर्ज किया गया है। चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



# ए.आर. फिलिंग सेंटर पर मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर ए आर फिलिंग सेंटर, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आंवला पेट्रोलियम डिपो के असिस्टेंट मैनेजर विपिन सक्सेना एवं डीलर रवि प्रकाश अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। सक्सेना ने पंप के कर्मचारियों को कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से सेवा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर रोहित अग्रवाल, धर्मपाल पाठक, अक्षय, सचिन, सुखवीर, प्रेमवीर, विपिन, कुंवरपाल, किशोर, रामू सहित ग्राहक भी उपस्थित रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूँ में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. अरुण कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके उपरांत प्रधानाचार्य ने उपस्थित सभी शिक्षकों, छात्रों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र-सेवा की शपथ दिलाई। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा "अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा और समयानुकूल कार्य करना ही सच्ची देशभक्ति है।" उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वर्तमान में राष्ट्र की सुरक्षा में लगे वीर जवानों के योगदान को रेखांकित किया। विशेष रूप से उन्होंने पूर्व सैनिक कल्याण संस्था के अंतर्गत कार्यरत सुरक्षा कर्मियों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। डॉ. अरुण कुमार ने हाल ही में संपन्न "ऑपरेशन सिंदूर" में भारतीय सेना के उत्कृष्ट प्रदर्शन को विशेष रूप से उल्लेखित किया और सभी उपस्थितजनों से देश की सुरक्षा व प्रगति में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उप-प्रधानाचार्य डॉ. नेहा सिंह ने अपने संबोधन में देश की नारी शक्ति के अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला तथा छात्र-छात्राओं को वीरांगनाओं के शौर्य और बलिदान को स्मरण करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुक्तयाज हुसैन ने किया, जिन्होंने बीच-बीच में देशभक्ति गीतों और शायरियों के माध्यम से वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाए रखा। समारोह का समापन डॉ. सुनील कुमार द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रितुज अग्रवाल, डॉ. वेंकटनारायणा, डॉ. सीमा शरण, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. वशिष्ठ मिश्रा, डॉ. अमृता वाजपेयी, डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. श्रावण कुमार भार्गव, डॉ. सुचेता यादव, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. पुनीत कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. लालेन्द्र यादव, डॉ. नितेश पति तिवारी, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. श्रीनिवासन गांधी, सहित सभी चिकित्सा एवं नर्सिंग संकाय सदस्य, कर्मचारी, लगभग 1000 छात्र-छात्राएँ तथा नर्सिंग/पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।



**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन /सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

| | | |
|---|---|---|
| भगवान दास 9411010546 | संवाददाता | बदायूं सिटी |
| कैलाश मिश्रा 9458213331 | संवाददाता | इस्लामनगर |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उगती |

| | | |
|---|---|---|
| अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222 | बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 94 12 30 2152 | बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500 110 219 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078 | अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759 55 8639 | |
| आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786 | | |

# स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रस्तुतिः चेतन रामकिशन 'देव' गजरौला (अमरोहा)














































